स्थानीय निकायों, सांविधिक निगमों, निजी संस्थानों, कम्पनियों एवं व्यक्ति विशेषों को दिए गए ऋणों, जिसके विस्तृत लेखे महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), बिहार रखते थे, की वसुली सदैव तुच्छ थी एवं उनमें से 3574.71 करोड़ रुपये (मूलधन 1613.19 करोड़ रुपये तथा ब्याज 1961.52 करोड़ रुपये) 31 मार्च 2002 तक बकाया थे। ऋणों का ब्यौरा, जिसके विस्तृत लेखे विभागीय अधिकारियों द्वारा संघारित किए जाते थे, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को प्रस्तुत नहीं किया गया था। इस प्रकार वसुली योग्य ऋण की वास्तविक राशि को कम करके बताया गया है।

	1997&98	1998&99	1999&2000	2000&01	2001&02
	¼djksM+ #i;s esa½				
आरम्भिक शेष	4027.15	4654.79	5223.26	6282.97	6952.84
वर्ष के दौरान दी गई अग्रिम की राशि	642.18	578.56	1071.79	680.46	533.71
वर्ष के दौरान वापस की गई राशि	14.54 (0.36)	10.09 (0.22)	12.08 (0.23)	10.59 (0.17)	12.95 (0.19)
अन्तशेष	4654.79	5223.26	6282.95	6952.84	7473.60
शुद्ध जोड़	627.64	568.47	1059.71	669.87	520.76
प्राप्त ब्याज	7.11 (0.18)	2.31 (0.05)	22.31 (0.43)	8.58 (0.14)	11.75 (0.17)

टिप्पणी : कोष्ठक के अंक आरम्भिक शेष की प्रतिशतता सूचित करते है।

1-8 0;; dh x.kokÙkk

1-8-1 विधि–व्यवस्था सम्भालने से लेकर विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के नियामक कार्य कलापों तक अनेक गतिविधियों के लिए सरकार राशि खर्च करती है। सरकारी

खर्च को राजस्व एवं पूँजीगत के अधीन योजना एवं गैर योजना में विस्तृत तौर पर वर्गीकृत किया जाता है। योजना एवं पूँजीगत व्यय का सम्बन्ध संपत्ति सृजन से है, जबकि गैर योजना एवं राजस्व व्यय स्थापना, संघारण एवं सेवाओं पर व्यय के रूप में समझे जाते है। इस प्रकार परिभाषा के अनुसार आम तौर पर पूँजीगत व्यय को व्यय की गुणवत्ता में योगदान के रूप में समझा जा सकता है।

1-8-2 लोक व्यय में बर्बादी, निधियों का विपथन एवं अपूर्ण योजनाओं पर निधियों का अवरूद्ध रहना भी व्यय की गुणवत्ता को नकारात्मकता की ओर दृष्टिगोचर कराता है। इसी प्रकार निधियों को व्यय के रूप में दर्ज करने के बाद उन्हें लोक लेखा के जमा शीर्षों में स्थानान्तरित किया जाना भी व्यय की गुणवत्ता का निर्णय करने में नकारात्मकता के रूप में समझा जा सकता हैं। चूँकि सम्बन्धित वर्ष में व्यय वास्तविक तौर पर नहीं हुआ था, अतः इस वर्ष के व्यय के आँकड़ों से इसे हटा देना चाहिए था। आर्थिक एवं सामाजिक सेवाओं को नुकसान पहुँचाते हुए सामान्य सेवाओं पर व्यय में वृद्धि होना एक दूसरा संभाव्य सूचक है।

निम्नलिखित सारणी इन सूचकों में प्रवृत्ति को दर्शाती है :

		1997&98	1998&99	1999&2000	2000&2001	2001&2002
1.	प्रतिशतता के रूप में योजना व्यय :					
	– राजस्व व्यय का	16	15	11	6	8
	– पूँजीगत व्यय का	100	100	100	100	100
2.	पूँजीगत व्यय (प्रतिशत)	5	6	7	7	6
3.	अपूर्ण परियोजना पर प्रतिफल रहित व्यय (प्रतिशत)	53	86	138	116	30

यह द्रष्टव्य होगा कि राजस्व पक्ष में योजना व्यय का अंश तीव्रता से गिरकर वर्ष 1997–98 के 16 प्रतिशत से वर्ष 2001–02 में 8 प्रतिशत हो गया। अवधि के दौरान कुल व्यय में पूँजीगत व्यय का अंश सदैव 5 एवं 7 प्रतिशत तक के निम्न स्तर पर रहा।

1-8-3 ;kstuk i.'ku

योजना व्यय से सम्बन्धित बिहार सरकार के दयनीय प्रदर्शन के सम्बन्ध में 31 मार्च 2000 एवं मार्च 2001 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन (सिविल) में उल्लेख किया गया था। वर्ष 2001–2002 के दौरान भी दयनीय प्रदर्शन जारी रहा, जैसा कि नीचे विवर्णित है :

राज्य सरकार ने बाजार कर्ज एवं केन्द्र सरकार से केन्द्रीय ऋण एवं प्राप्तियों के रूप में कुल 2614.99 करोड़ रुपये वर्ष 2001–02 के दौरान राज्य योजनागत कार्यक्रमों के लिए प्राप्त किया था। इनमें से मात्र 1263.12 करोड़ रुपये (48 प्रतिशत) राज्य योजनागत योजना पर व्यय किया गया था। राज्य योजनागत योजना को वित्त प्रदान करने के लिए चालू राजस्व में कोई अधिशेष नहीं था।

राज्य सरकार के वर्ष 2001–2002 के विनियोग लेखा से यह भी पाया गया कि केन्द्र प्रायोजित योजना (231 करोड़ रुपये) एवं केन्द्रीय योजनागत योजनाओं (34 करोड़ रुपये) के साथ–साथ विभिन्न राज्य योजनागत योजनाओं (1292 करोड़ रुपये) के अन्तर्गत परिशिष्ट–II के अनुसार राज्य सरकार बजटीय प्रावधान में से 1557.35 करोड़

रुपये (48.45 प्रतिशत) व्यय करने में विफल रही। कुल बचत सकल बजटीय प्रावधान का 17 प्रतिशत थी। बचतों पर आगे चर्चा कंडिका 2.3 में शामिल की गई है।

1-9 foÙkh; i.kkyu

सरकार में वित्तीय प्रबन्धन के मामले इसके राजस्व एवं व्यय संचालन की दक्षता, मितव्ययिता एवं कारगरता से सम्बद्ध होने चाहिए। इस प्रतिवेदन के आने वाले अध्यायों में नमूना लेखापरीक्षा के जाँच के आधार पर खासकर इन मामलों पर विस्तृत व्याख्या की गई है, क्योंकि ये सरकार के व्यय प्रबंधन से संबंधित है। लेखे एवं सरकार की संबंधित वित्तीय सूचनाओं से अलग की जा सकने वाले अन्य मापदंडों को इस अनुभाग में विमर्शित किया गया है।

1-9-1 fuos'k ,oa ifrQy

विकासात्मक, निर्माण, विपणन एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पूँजीगत परिव्यय में से निवेश किया जाता है। किए गए निवेशों का क्षेत्र–वार विवरण एवं सम्मिलित संस्थाओं की संख्या निम्नानुसार थे :

{k=	lLFkkvksa dh la[;k	fuos'k jkf'k	
		31 ekpZ 2002 dks	o"kZ 2001&02 ds nkjku
		¼djksM #i;s esa½	
(i) सांविधिक निगम	3	102.01	1.00
(ii) सरकारी कम्पनियाँ	36	345.41	0.20
(iii) संयुक्त पूँजी कम्पनियाँ	10	3.88	––
(iv) सहकारिता संस्थान	अनु.	237.55	––
;ksx	49	688-85	1-20

विगत पाँच वर्षों के दौरान इसके निवेशों से प्राप्त लाभांश तथा ब्याज के रूप में सरकार द्वारा प्राप्त प्रतिफल तुच्छ था।

o"kZ	o"kZ ds nkjku fuos'k	o"kZ dh lekfIr ij fuos'k	ifrQy	ifrQy dk izfr'kr	ljdkjh dtZ ij izfr'kr C;kt
	¼djksM #i;s esa½				
1997–98	0.09	641.31	रु. 1000 मात्र	शून्य	13.75
1998–99	14.03	646.34	रु. 192 मात्र	शून्य	12.50
1999–2000	2.74	649.08	रु. 1.10 करोड़	0.17	11.30
2000–2001	29.53	687.66	रु. 4500 मात्र	शून्य	12.00
2001–2002	1.20	688.85	रु. 65417 मात्र	शून्य	10.35

अतः जबकि सरकार बाजार से उच्च दर पर कर्ज ले रही थी, सरकारी कम्पनियों इत्यादि में इसका निवेश या तो कोई प्रतिफल नहीं दे रहा था या नगण्य प्रतिफल दे रहा था।

30 सरकारी कम्पनियों (वित्त लेखा के विवरणी सं. 14 में सूचीबद्ध 36 में से) एवं 3 सांविधिक निगमों के नवीनतम निष्पादित लेखा के अनुसार 29 कम्पनियों एवं 2 निगमों में क्रमशः 338.66 करोड़ रुपये एवं 866.48 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था तथा शेष 1 कम्पनी एवं 1 निगम ने क्रमशः 5.68 करोड़ रुपये एवं 5.32 करोड़ रुपये का कुल लाभ

अर्जित किया था। एक दशक या अधिक काल से ही इन कम्पनियों के लेखा को अन्तिम रूप नहीं दिया गया था। 6 कम्पनियों के लेखा की स्थिति के बारे में कोई सूचना नहीं थी।

एक सांविधिक बोर्ड अर्थात बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, जिसे सरकार ने वर्ष 2001–02 तक कुल 4688.65 करोड़ रुपये का ऋण अग्रिम दिया है, ने वर्ष 1999–2000 तक कुल 4646.30 करोड़ रुपये की हानि उठायी थी।

इसके अतिरिक्त सरकार ने दो और सरकारी कम्पनियों, अर्थात बिहार राज्य पुलिस भवन निगम लि. (0.10 करोड़ रुपये) एवं तेनुघाट विद्युत निगम लि. (100.00 करोड़ रुपये) में हिस्सा पूँजी का निवेश किया था लेकिन जिस स्रोत से इन निवेशों को किया गया था वे दर्शाए नहीं गए थे एवं इस प्रकार इन्हें वित्त लेखें में विशिष्ट तौर पर दर्शाया नहीं जा सका। ये दोनों कम्पनियाँ क्रमशः 0.49 करोड़ रुपये (वर्ष 1988–89 तक) एवं 221.83 करोड़ रुपये (वर्ष 1993–94 तक) का सकल हानि उठायी थी।

1-9-2 vi.k ifj;kt uk,a

22 सिंचाई परियोजनाओं (वृहत : 11 ; मध्यम : 11) में से मार्च 2002 तक 19 सिंचाई परियोजनाओं (वृहत : 09 ; मध्यम : 10) पर परिशिष्ट–III के अनुसार 1174 करोड़ रुपये अवरूद्ध थे। 3 सिंचाई परियोजनाओं (वृहत : 2 ; मध्यम : 1) में अवरूद्ध पूँजी का आँकड़ा उपलब्ध नहीं था। वर्ष 2001–02 के दौरान परियोजनाओं, जिनमें प्रचुर मात्रा में निवेश किए गए, निम्नलिखित थे : (i) पूर्व कोशी नहर परियोजना (3.02 करोड़ रुपये) (ii) सोन नहर आधुनिकीकरण परियोजना (26.99 करोड़ रुपये)। यह दर्शाता था कि सरकार अपने संसाधनों का धीमा विस्तार कर रही थी, जो कोई प्रतिफल देने में विफल रहा।

1-9-3 jkt Lo d cdk;a

31 मार्च 2002 को, जैसा कि विभागों द्वारा प्रतिवेदित किए गए थे, राजस्व के मुख्य शीर्षों में से आठ के अन्तर्गत संग्रहण हेतु लम्बित राजस्व का बकाया 1236.63 करोड़ रुपये लम्बित थे एवं मुख्यतः बिक्री, व्यापार इत्यादि पर कर (698.72 करोड़ रुपये), राज्य परिवहन (80.32 करोड़ रुपये), अलौहिक खनन एवं धातुकर्म उद्योग पर कर (75. 28 करोड़ रुपये), राज्य उत्पाद (44.73 करोड़ रुपये), ईख विकास विभाग (16.18 करोड़ रुपये), विद्युत पर शुल्क (9.03 करोड़ रुपये), मनोरंजन कर (7.00 करोड़ रुपये), जल कर (0.95 करोड़ रुपये), से सम्बन्धित थे। उपरोक्त बकाए राजस्व की राशि कम करके बतायी गयी थी क्योंकि सरकार के अन्य विभागों के सचिवों द्वारा सूचनाएँ प्रस्तुत नहीं की गयी थीं (सितम्बर 2003)।

1-9-4 vFkk ik; i'kfx;k ,o vkojMk¶V

भारतीय रिजर्व बैंक के साथ एक अनुबन्ध के तहत 15 नवम्बर 2000 के प्रभाव से राज्य सरकार को बैंक में प्रतिदिन न्यूनतम 1.73 करोड़ रुपये रोकड़ शेष बनाए रखना था। अगर किसी भी दिन का न्यूनतम अनुबन्धित शेष नीचे गिर जाता है तो कमी को बैंक से अर्थोपाय पेशगियाँ (डब्लू॰ एम॰ ए॰)/ओवरड्राफ्ट (ओ॰डी॰) लेते हुए इसे पूरा करना था। साथ ही, जब भी आवश्यकता हुई बैंक द्वारा विशेष अर्थोपाय पेशगियाँ भी दी गयीं। अर्थोपाय पेशगियाँ/ओवरड्राफ्ट के सहारा का अर्थ सरकार की प्राप्तियों एवं व्यय का बेमेल होना है एवं इस प्रकार यह सरकार के दयनीय वित्तीय प्रबंधन को प्रदर्शित करता था। वर्ष 2001–2002 के दौरान सरकार ने 2593.23 करोड़ रुपये की अर्थोपाय पेशगियाँ (106 दिन) एवं 3229.53 करोड़ रुपये का ओवरड्राफ्ट (123 दिन) लिया तथा भारतीय

रिजर्व बैंक ने वर्ष 2001–2002 के दौरान अर्थोपाय पेशगियों पर 7.86 करोड़ रुपये तथा ओवरड्राफ्ट पर 3.94 करोड़ रुपये के ब्याज की वसूली की।

1-9-5 ?kkVk

1-9-5-1 सरकारी लेखा में घाटा प्राप्तियों एवं व्यय के बीच का अन्तर दर्शाता है। घाटे की प्रकृत्ति सरकार में वित्तीय प्रबन्धन की दूरदर्शिता का एक महत्त्वपूर्ण सूचक है। साथ ही, घाटा को वित्तीय समर्थन प्रदान करने का तरीका एवं इस तरह से बढ़ाई गई निधियों का उपयोग सरकार के राज कोषीय दूरदर्शिता के महत्त्वपूर्ण सूचक हैं। इस खण्ड में घाटा के तीन अवधारणाओं अर्थात राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा एवं प्राथमिक घाटा से सम्बन्धित चर्चा है।

1-9-5-2 राजस्व प्राप्तियों से अधिक राजस्व व्यय होना राजस्व घाटा है। राजस्व प्राप्तियों (प्राप्त सहायता अनुदान सहित) से अधिक राजस्व एवं पूँजीगत व्यय (दिये गये निवल ऋण सहित) को राजकोषीय घाटा के रूप में परिभाषित किया जा सकता हैं। राजकोषीय घाटा घटाव ब्याज भुगतान प्राथमिक घाटा है। निम्नलिखित प्रदर्श सरकारी लेखा में घाटा के विभिन्न क्रमों को दर्शाता है।

lfpr fuf/k ¼l-fu-½				¼djkM+ #i;s esa½	
çkfIr	jkf'k		lforj.k	jkf'k	
राजस्व	9839	jktLo ?kkVk	राजस्व	11159	
विविध पूँजीगत प्राप्तियाँ	–	1320	पूँजीगत	742	
ऋण एवं पेशगियों की वसूली	13		संवितरित ऋण एवं अग्रिम	534	
mi ;kx	9852	ldy jktdk"kh; ?kkVk 2583	mi ;kx	12435	
लोक ऋण	3758			लोक ऋण अदायगी	624
;kx	13610	v½ lfpr fuf/k esa vkf/kD; 551		13059	
		c½ vkdfLedrk fuf/k ykd ys[kk			
लघु बचत, भ. नि. इत्यादि	770			लघु बचत, भ.नि. इत्यादि	710
जमा एवं अग्रिम	2068			जमा एवं अग्रिम	1889
आरक्षित निधि	67			आरक्षित निधि	नगण्य
उचन्त एवं विविध	(–) 447			उचन्त एवं विविध	219
प्रेषण	635			प्रेषण	696
dy ykd ys[kk	3093	l½ lfpr fuf/k }kjk foUk ikf"kr ykd ys[kk esa ?kkVk l- fu- 421			3514

रोकड़ शेष में वृद्धि (अ – ब + स) : 130

तालिका दर्शाती है कि 1320 करोड़ रुपये के राजस्व घाटा को कर्जे के द्वारा पूरा किया गया था। राजकोषीय घाटा (2583 करोड़ रुपये) से अधिक लोक ऋण से निवल प्राप्ति (3134 करोड़ रुपये) थी, परिणामस्वरूप संचित निधि में आधिक्य (551 करोड़ रुपये) था। संचित निधि के आधिक्य का लोक लेखे में घाटे (421 करोड़ रुपये) को वित्त प्रदान करने के लिए अंशतः उपयोग किया गया था। संचित निधि में बचे आधिक्य के परिणामस्वरूप रोकड़ शेष में 130 करोड़ रुपये की वृद्धि थी। प्रदर्श–IV दर्शाता है कि वर्ष 1997–98 से वर्ष 1999–2000 के दौरान दोनों घाटों में हुई तीव्र वृद्धि में वर्ष 2000–2001 एवं 2001–2002 के दौरान वर्ष 1999–2000 से क्रमशः 64 एवं 57 प्रतिशत की गिरावट हुई थी। हालाँकि यह ग्यारहवीं वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर केन्द्रीय कर स्थानांतरण में पर्याप्त वृद्धि तथा नवंबर 2000 में राज्य के पुनर्गठन से इसके राजस्व एवं कुल व्यय में ह्रास के कारण ऐसा हुआ था।

1-9-5-3 d t/ yh x;h fuf/k dk mi;ksx ¼jkt dk"kh; ?kkVk½

राजकोषीय घाटा सरकार के कुल निवल कर्जे को संसूचित करती है। इन कर्जो का उपयोग राजकोषीय घाटा (आर.डी.) को पूरा करने, पूँजीगत व्यय (सी.ई.) करने तथा विकासात्मक एवं अन्य प्रयोजनों के लिए विभिन्न निकायों को ऋण प्रदान करने के लिए किया जाता है। इन उपयोगों का सापेक्षिक समानुपात राज्य सरकार की वित्तीय दूरदर्शिता एवं उनके कार्यों के संचालन की सुदृढ़ता को भी इंगित करेगा क्योंकि राजस्व व्यय के लिए कर्ज लेते रहना बाद में चलकर कायम नहीं रह पाएगा। निम्नलिखित तालिका बिहार सरकार से सम्बन्धित विगत पाँच वर्षों की स्थिति को दर्शाती है :

vuqikr	1997&98	1998&99	1999&2000	2000&2001	2001&2002
राजस्व घाटा/ राजकोषीय घाटा	0.47	0.62	0.62	0.57	0.51
पूँजीगत व्यय/ राजकोषीय घाटा	0.25	0.22	0.20	0.26	0.29
निवल ऋण/ राजकोषीय घाटा	0.28	0.16	0.18	0.17	0.20
;ksx	1-00	1-00	1-00	1-00	1-00

यह द्रष्टव्य होगा कि विगत 4 वर्षो के दौरान कर्ज ली गयी निधि का 50 प्रतिशत से अधिक भाग राजस्व व्यय को पूरा करने के लिए उपयोग किया गया था। कर्जे के अधिकांश को राजस्व व्यय पर उपयोग एवं पूँजी सृजन पर जोर देने में अभाव के कारण कर्जे लेने की स्थिति, वृहत ब्याज बहिर्गमन, निम्न पूँजी निवेश एवं उच्च ऋण बोझ के द्वारा राजकोषीय दबाव की स्थिति को दर्शाता है।

1-9-6 jkT; ljdkj }kjk nh x;h xkjaVh;ksa

सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों एवं सहकारिता संस्थाओं इत्यादि द्वारा बढ़ाए गए खास दायित्त्वों, जैसे ऋणों की अदायगी, अंश पूँजी इत्यादि तथा उनके द्वारा ब्याज एवं लाभांश का भुगतान के निर्वहन के लिए राज्य सरकार द्वारा गारंटियाँ दी जाती हैं। वे राज्य के आकस्मिक दायित्त्व बन जाते हैं। ऐसी अधिकतम सीमा, जिसके भीतर राज्य के संचित निधि की प्रत्याभूति पर सरकार द्वारा गारन्टी दी जा सके, के लिए संविधान के अनुच्छेद 293 के तहत् राज्य विधान मंडल द्वारा कोई कानून पारित नहीं किया गया था। ऋण भुगतान, उन पर ब्याज का भुगतान एवं बकाया राशि के लिए सरकार द्वारा दी गयी गारन्टियों से सम्बन्धित वर्ष 1997–98 से 2001–2002 की समाप्ति तक की स्थिति निम्नवत् थी :

o"k dh lekfIr ij fLFkfr	nh x;h xkjaVh dh jkf'k ¼dloy ey/ku½	cdk;k jkf'k	
		ey/ku	C;kt
	¼djkM #i;s e½		
1997–98	243.78	199.34	सरकार द्वारा सूचित नहीं किया गया
1998–99	190.17	962.28	
1999–2000	171.92	852.25	
2000–2001	39.95	624.43	
2001–2002	39.95	209.21	

ये गारन्टियाँ 4 सांविधिक निगमों/बोर्डो, 11 सरकारी कम्पनियों, 3 संयुक्त पूँजी कम्पनियों, 5 स्वायत्तशासी निकायों, 2 सहकारिता बैंकों एवं अनेक सहकारिता समितियों के लिए दी गयी थी। ऋणियों द्वारा मूलधन एवं ब्याज के पुनर्भुगतान में दोषी होने की स्थिति में ब्याज सहित ऋण के पुनर्भुगतान का उत्तरदायित्त्व राज्य सरकार के जिम्मे आता।

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के 31 मार्च 1998 को समाप्त हुए वर्ष के प्रतिवेदन (सिविल) की कंडिका 1.10.4 (अ) में यह उल्लेखित था कि गारन्टियों के निर्वहन में वर्ष 1990–98 के दौरान सरकार द्वारा 718.17 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। वर्ष 1998–99 के दौरान गारन्टियाँ निष्पादित करने हेतु भुगतान की राशि राज्य सरकार द्वारा बतायी नहीं गयी थी। वर्ष 1999–2001 के दौरार सरकार ने कुल 396.71 करोड़ रुपये बिहार राज्य विद्युत बोर्ड (मूलधन : 305.63 करोड़ रुपये एवं ब्याज : 62.22 करोड़ रुपये), बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (मूलधन : 4.23 करोड़ रुपये ; ब्याज : 0.70 करोड़ रुपये), बिहार राज्य वित्त निगम (मूलधन : 22.83 करोड़ रुपये) तथा बिहार राज्य आवास बोर्ड (ब्याज : 1.10 करोड़ रुपये) द्वारा 1 जनवरी 1997 से 31 मार्च 1998 की अवधि के लिए जारी किए गए बॉण्डों पर मूलधन के पुनर्भुगतान की गारण्टी एवं बकाये ब्याज भुगतान की जिम्मेवारी निभाने के लिए भुगतान किया गया था। इसी प्रकार वर्ष 2001–2002 के दौरान विद्युत बोर्ड द्वारा निर्गत बॉण्डों के निर्वहन के सम्बन्ध में (98.10 करोड़ रुपये) गारन्टियाँ दी गयी। ये भुगतान सम्बन्धित संस्थाओं को ऋण के रूप में माने गए थे।

सरकार द्वारा वर्ष 1990–2002 के दौरान गारंटी निर्वहन पर किए गए अत्यधिक भुगतान (1212.98 करोड़ रुपये) को देखते हुए आने वाले वर्षों में भी लंबित गारंटी के पुनर्भुगतान के लिए काफी अधिक राशि के दायित्त्वों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

1-10 ykd _.k

1-10-1 भारतीय संविधान में यह प्रावधान है कि राज्य के विधानमंडल के अध्यादेश द्वारा समय–समय पर निर्धारित किए गए उन निश्चित सीमाओं के अन्तर्गत राज्य की संचित निधि के प्रत्याभूति पर भारतीय भू–भाग के अन्तर्गत एक राज्य उधार ले सकता है। राज्य विधानमंडल द्वारा ऐसी सीमा निर्धारण हेतु कोई कानून पारित नहीं किया गया था।

विगत पाँच वर्षों की समाप्ति पर राज्य सरकार के कुल दायित्त्वों का विवरण नीचे की तालिका में दिया गया है। वर्ष 2001–2002 के दौरान सरकार ने 8.79 प्रतिशत के प्रभावी औसत वार्षिक ब्याज दर पर खुले बाजार से 1116 करोड़ रुपये उधार लिया

था। वर्ष 2001–2002 के दौरान लोक ऋण में 3134 करोड़ रुपये एवं अन्य दायित्त्वों में 306 करोड़ रुपये की निवल वृद्धि हुई थी।

¼djkM+ #i;s esa½

o"kZ	vkUrfjd _.k	dsUnz ljdkj ls _.k ,oa izkfIr;k¡	dqy ykd _.k	vU; nkf;Ro@	dqy nkf;Ro	th-,l-Mh- ih- ls _.k dk vuqikr
1997–98	4676	11061	15737	7525	23262	33
1998–99	5395	13375	18770	8056	26826	40
1999–2000	5582	15862	21444	9169	30613	42
2000–01	7097	11243	18340	10104	28444	58
2001–02	9682	11792	21474	10410	31884	63

हालाँकि लेखा में वर्णित बिहार सरकार के दायित्त्वों में सेवारत/सेवानिवृत्त राज्य कर्मियों को भुगतेय पेंशन एवं सेवानिवृत्ति पश्चात् के अन्य लाभ, राज्य सरकार द्वारा निर्गत गारन्टीयाँ/लेटर ऑफ कम्फोर्ट इत्यादि शामिल नहीं हैं। तीव्रता से बढ़ रहे पेंशन दायित्त्व को भविष्य में पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने कोई कोष नहीं बनाया हैं।

बाजार कर्ज, जिसका वर्ष के दौरान औसतन प्रभावी ब्याज दर 8.79 प्रतिशत था, वित्त व्यवस्था का सबसे सस्ता स्रोत था, फिर भी राज्य सरकार ने 11.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज दर से राष्ट्रीय लघु बचत कोष से 1532.96 करोड़ रुपये एवं 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज दर से भारत सरकार से 1076.65 करोड़ रुपये उधार लिया। 31 मार्च 2002 को राज्य सरकार के वर्तमान बाजार कर्ज का 77 प्रतिशत 11 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक ब्याज दर पर था। इस प्रकार, वर्तमान में बाजार से जिस दर पर संसाधन उगाही करने में वे समर्थ हैं उससे अधिक पर पूर्व में लिए गए उधार के कर्जे की प्रभावी लागत थी। मार्च 2002 को राज्य सरकार के बाजार ऋण के परिपक्वता की रूपरेखा दर्शाती है कि कुल बाजार ऋण के 28.54 प्रतिशत को आगामी पाँच वर्षों में वापस करना है जबकि शेष ऋणों को 5 से 10 वर्षों के भीतर वापस करना है।

1-10-2 लोक ऋण के माध्यम से इकट्ठा की गयी निधि की रकम, पुनर्भुगतान की रकम एवं उपलब्ध निवल निधि निम्नलिखित तालिका में दी गयी है :

	1997&98	1998&99	1999&2000	2000&01	2001&2002
	¼ djkM+ #i;s esa½				
आन्तरिक ऋण सहित अर्थोपाय पेशगियाँ एवं ओवरड्राफ्ट					
– प्राप्तियाँ	717	734	3503	5414	8504
– पुनर्भुगतान (मूलधन + ब्याज)	500	596	4025	4359	6821
– उपलब्ध निवल निधि	217	138	(–)520	1055	1683
प्रतिशत	30	19	(–) 15	19	20
भारत सरकार से ऋण एवं पेशगियाँ					
– वर्ष के दौरान प्राप्ति	1792	2809	3046	1246	1077
– पुनर्भुगतान (मूलधन + ब्याज)	1562	1792	2180	2264	1926
– उपलब्ध निवल निधि	230	1017	866	(–)1018	(–)849
प्रतिशत	13	38	28	(–)82	(–)79

@ *लघु बचत, भविष्य निधि इत्यादि, आरक्षित निधि एवं जमा।*

	1997&98	1998&99	1999&2000	2000&01	2001&2002
	¼djkM #i;s e½				
अन्य दायित्त्व					
– वर्ष के दौरान प्राप्ति	2385	2503	3019	3059	2875
– पुनर्भुगतान (मूलधन + ब्याज)	2263	2511	2445	2580	2898
– उपलब्ध निवल निधियाँ	122	(–)8	574	479	(–)23
(प्रतिशत)	5	(–)0.31	19	16	(–)0.8

यह द्रष्टव्य होगा कि ऋण एवं ब्याज भुगतान के पुनर्अदायगी को पूरा करने के लिए लोक ऋण का लगभग 93.5 प्रतिशत खपत हो चुका था एवं राज्य सरकार के पास पूँजी सृजन के लिए मात्र 6.5 प्रतिशत उपलब्ध थे। यह समझते हुए कि बकाया ऋण वर्ष–दर–वर्ष बढ़ रहा है लोक कर्जे के माध्यम से निधि की निवल उपलब्धता आगे घटती जा रही है।

1-10-3 dsUnz ljdkj ls _.k ,oa i'kfx;k

विगत पाँच वर्षों में भारत सरकार से प्राप्त ऋण एवं पेशगियों की स्थिति निम्नानुसार थी :

o"kZ	o"kZ ds nkjku of)	_.k $ C;kt dh okilh		;kx	fuoy vUrokg	LrEHk 5 dk LrEHk 2 ls ifr'krrk
		eyèku	C;kt			
1	2	3	4	5	6	7
	¼djkM #i;s e½					
1997–98	1791.80	470.04	1092.07	1562.11	229.69	87
1998–99	2808.93	499.51	1292.27	1791.78	1017.15	64
1999–2000	3045.97	558.85	1621.64	2180.49	865.48	72
2000–2001	1245.66	550.63	1713.03	2263.66	(–)1018.00	182
2001–2002	1076.66	528.23	1397.54	1925.77	(–) 849.11	179

इस प्रकार यह स्पष्ट होगा कि राज्य कर्जे के एक जाल में फँसा हुआ है क्योंकि ऋण के मूलधन एवं उसके ब्याज का भुगतान करने के लिए ही यह उधार ले रहा है।

1-11 foÙkh; fØ;kdyki dk lpd

1-11-1 सरकार या तो अपनी किसी वर्त्तमान गतिविधि को कायम रखने या अपनी गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का प्रयत्न करती है। गतिविधि के वर्त्तमान स्तर को कायम रखने के लिए यह जानना आवश्यक है कि वित्तीय स्रोत किस हद तक सुदृढ़ है। इसी प्रकार सरकार अगर अपनी गतिविधि के स्तर को बढ़ाना चाहती है तो वित्त प्रदान करने के साधन की नम्यता एवं अन्ततः प्रक्रिया के दौरान सरकार की बढ़ी हुई योजना का परीक्षण आवश्यक रूप से करना चाहिए। सभी राज्य सरकारें अपनी गतिविधि के स्तर में वृद्धि मूलतः पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से जारी रखती है जो वार्षिक विकास योजनाओं का रूप लेती है एवं राज्य बजट में शामिल की जाती है। विस्तृत रूप में यह कहा जा सकता है कि गैर–योजना व्यय सरकार के वर्त्तमान गतिविधि के स्तर को कायम रखने का द्योतक है, जबकि योजना व्यय गतिविध के विस्तार को सुनिश्चित करती है। सरकार की बढ़ती हुई भेद्यता की स्थिति में इन दोनों गतिविधियों में संसाधन बढ़ाना अपेक्षित है। संक्षेप में सरकार की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ता, भेद्यता एवं नम्यता के नाम से वर्णित किया जा सकता है। ये शब्द निम्नानुसार परिभाषित किए जाते है :

¼i½ l/n<rk

सुदृढ़ता एक ऐसा स्तर है जिस पर सरकार वर्त्तमान कार्यक्रमों को कायम रख सकती है एवं ऋण बोझ को बढ़ाए बगैर वर्तमान कर्जदाता के आवश्यकताओं को पूरा करती है।

¼ii½ uE;rk

नम्यता एक ऐसा स्तर है जिस पर सरकार, की गयी वचनबद्धता की अनुक्रिया में या तो अपने राजस्व या अपने ऋण बोझ में वृद्धि लाते हुए अपने वित्तीय संसाधन को बढ़ा सकती है।

¼iii½ Hkn;rk

भेद्यता एक ऐसा स्तर है जिस पर सरकार पराश्रित हो जाती है एवं इस प्रकार वित्त प्रदान करने के लिए घरेलू तथा अन्तर्राष्ट्रीय दोनों स्रोतों, जो इसके नियंत्रण या प्रभाव से बाहर हो जाता है, के लिए भेद्य हो जाता है।

¼iv½ ikjnf'kZrk

सरकार के अपने वार्षिक वित्तीय विवरणी (बजट) तथा लेखे द्वारा प्रदत्त वित्तीय सूचना भी एक विषय है। बजट के संबंध में, बजटीय प्रक्रिया दर्शाते हुए सामयिक प्रस्तुतिकरण तथा आकलनों की शुद्धता मुख्य पैमाने हैं। जहाँ तक लेखे का संबंध है, उपस्थापन में सामयिकता, जिसके दृष्टांत मौजूद हैं तथा लेखे की पूर्णता मुख्य कसौटी होंगें।

1-11-2 वित्त लेखे में उपलब्ध सूचना का उपयोग सुदृढ़ता, नम्यता एवं भेद्यता व्यक्त करने के लिए किया जा सकता है एवं उसे खास सूचकांक/अनुपातों के रूप में वर्णित किया जा सकता है। ऐसी सूचकांकों/अनुपातों की सूची परिशिष्ट–I एवं IV में दी गई है। प्रदर्श–V वर्ष 1997 से 2002 की अवधि के दौरान इन सूचकांकों/अनुपातों के आचरण को दर्शाता हैं।

1-11-3 राज्य सरकार के वित्तीय स्थिति की दशा के लिए इन सूचकांकों/अनुपातों की सार्थकता पर परवर्ती कंडिकाओं में चर्चा की गई हैं।

çn'k & v

fcgkj ljdkj dk foÙkh; lpd

	1997&98	1998&99	1999&2000	2000&2001	2001&2002
¼1½	¼2½	¼3½	¼4½	¼5½	¼6½
lqn<rk					
बी.सी.आर. (करोड़ रुपये में)	(–)43.74	(–)1452	(–)3418.00	(–)2387	(–)1242
प्रारम्भिक घाटा (पी.डी.) (करोड़ रुपये में)	177.55	1247	3129.00	934	(–)46
ब्याज अनुपात	0.21	0.25	0.27	0.28	(–)0.27
पूँजीगत परिव्यय / पूँजीगत प्राप्तियाँ	0.23	0.24	0.37	0.25	0.23
dy dj ikfIr;k@ th-,l-Mh-ih-	0.11	0.11	0.11	0.19	0.17
राज्य कर प्राप्तियाँ / जी.एस.डी.पी.	0.04	0.04	0.04	0.04	0.05
निवेश पर प्रतिफल अनुपात	शून्य	शून्य	नगण्य	नगण्य	शून्य
uE;rk					
ch-lh-vkj- ¼djksM #i;s e½	(–)43.74	(–)1452	(–)3418	(–)2387	(–)1242
पूँजीगत अदायगी / पूँजीगत कर्ज	0.21	0.14	0.23	0.19	0.17
राज्य कर प्राप्तियाँ / जी.एस.डी.पी.	0.04	0.04	0.04	0.06	0.05
ऋण / जी.एस.डी.पी.	0.42	0.40	0.42	0.58	0.63
Hkn;rk					
राजस्व घाटा (आर.डी.) (करोड़ रुपये में)	1052	2267	3703	2330	1320
राजकोषीय घाटा (एफ.डी.) (करोड़ रुपये में)	2239	3659	5996	4076	2583
प्रारंभिक घाटा (पी. डी.) (करोड़ रुपये में)	178	1247	3129	934	(–)46
पी.डी. / एफ.डी.	0.08	0.34	0.52	0.23	(–)0.02
आर.डी. / एफ.डी.	0.47	0.62	0.62	0.57	0.51
लम्बित गारंटियाँ / राजस्व प्राप्तियाँ	0.02	0.10	0.08	0.06	0.02
परिसम्पत्तियाँ / दायित्त्व	0.77	0.73	0.64	0.73	0.72

¼i½ pkyw jkt Lo lq 'k"k ¼ch-lh-vkj-½

राजस्व प्राप्तियाँ घटाव योजना सहायता अनुदान घटाव गैर–योजना राजस्व व्यय को बी.सी.आर. के रूप में परिभाषित किया जाता है। एक घनात्मक बी.सी.आर. दर्शाता है कि राज्य सरकार के पास योजना व्यय को पूरा करने के लिए उसके राजस्व से अधिशेष है। तालिका दर्शाती है कि राज्य सरकार को सभी पाँच वर्षों में चालू राजस्व से अधिशेष नहीं था। वर्ष 2001–2002 में ऋणात्मक बी.सी.आर. हालाँकि राज्य बँटवारें के कारण पूर्व के वर्ष से 48 प्रतिशत घटा हुआ था। सरकार को अपने समस्त योजना व्यय मात्र को ही पूरा करने के लिए कर्ज पर निर्भर नहीं रहना पड़ता था अपितु, चालू राजस्व में पर्याप्त अन्तर को पाटने के लिए भी कर्जा पर निर्भर रहना पड़ता था।

¼ii½ C;kt vuqikr

ब्याज अनुपात जितना ही उच्चतर होगा, सरकार को कोई नयी ऋण देने एवं अपनी राजस्व प्राप्तियों से राजस्व व्यय पूरा करने की क्षमता उतनी ही कम होगी। बिहार के मामले में वर्ष 1997–2001 के दौरान अनुपात तीव्रता से बढ़कर 0.21 से 0.28 हो गया है। वर्ष 2001–2002 के दौरान अनुपात घटकर 0.27 हो गया। इसके परिणामस्वरूप इसके परिचालन से सुदृढ़ता की प्रक्रिया आधातित करते हुए राजस्व व्यय (चालू वर्ष में राजस्व व्यय का 24 प्रतिशत ब्याज भुगतान पर संगणित किया गया था) में वृद्धि हुई एवं कर्ज बढ़ गया।

¼iii½ iwath ifj0;;@iwath izkfIr;k

यह अनुपात दर्शाएगा कि पूँजीगत प्राप्तियों को किस हद तक पूँजी सृजन के लिए उपयोग किया जाता है। एक से कम का अनुपात दीर्घ काल में तब तक दृढ़ नहीं रहेगा जब तक यह इंगित होता रहे कि पूँजीगत प्राप्ति के एक हिस्से को अनुत्पादक राजस्व व्यय के लिये विचलन किया जा रहा हैं। इसके विपरीत, एक से अधिक का अनुपात इंगित करेगा कि राजस्व अधिशेष से ही पूँजीगत निवेश किए जा रहे हैं। इस अनुपात के प्रवृति का विश्लेषण राज्य सरकार के वित्तीय प्रदर्शन को आलोकित करेगा। बढ़ती हुई प्रवृति का अर्थ, प्रदर्शन में सुधार होगा। बिहार के मामले में, अनुपात हमेशा से ही एक से कम रहा है और वर्ष 1997–98 एवं 1998–99 के दौरान 0.23 एवं 0.24 के मध्य तक नीचे रहा है, वर्ष 1999–2000 में 0.37 तक बढ़ गया एवं तीव्रता से नीचे घटकर वर्ष 2000–2001 में 0.25 तथा वर्ष 2001–2002 में 0.23 हो गया जो संसूचित करता है कि पूँजीगत प्राप्तियों का 63 से 77 प्रतिशत निवेश के इतर अन्य प्रयोजनों के लिए किया गया था। यह समझते हुए कि राज्य सालों भर अत्यधिक राजस्व घाटा की स्थिति में रहा था, अल्प अनुपात ही बताएगा कि सरकार का पूँजीगत व्यय कुल व्यय के करीब 5 से 7 प्रतिशत पर क्यों स्थिर था।

¼iv½ dj jktLo cuke ldy jkT; ?kjsyw mRikn ¼th-,l-Mh-ih-½

कर प्राप्तियों में राज्य कर एवं केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा शामिल है। राज्य में रह रहे लोगों द्वारा भुगतित केन्द्रीय करों के रूप में भी परवर्ती को समझा जा सकता है। कर प्राप्तियाँ सुदृढ़ता का संकेत देती हैं लेकिन साथ ही साथ कर प्राप्तियों के जी.एस. डी.पी. से अनुपात का आशय नम्यता के लिए भी लेना चाहिए। जबकि कम अनुपात का अर्थ होगा कि सरकार और कर लगा सकती है एवं इस प्रकार इसकी नम्यता होगी, एक उच्च अनुपात वित्तीय साधन की सीमा को ही नहीं अपितु उसकी नम्यता को भी सूचित करता है। जी.एस.डी.पी. की तुलना में राज्य कर प्राप्तियों का अनुपात भी वर्ष 1997–98 से 2000–2001 के दौरान 0.04 पर तथा वर्ष 2001–2002 में 0.05 पर स्थिर रहा। जी. एस. डी. पी. से राज्य कर का कम अनुपात होना संकेत देता है कि सरकार अपने कर आधार को सुधारने में कारगर कदम उठाने में विफल रही। बकाये करों के संग्रहण में भी सुधार नहीं हुआ है।

¼v½ fuo'k ij ifrQy ¼vkj- vk- vkb-½

पूँजीगत लागत से उपार्जन का अनुपात आर.ओ.आई. कहलाता है। एक उच्च आर.ओ. आई. सुदृढ़ता का द्योतक है। सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, संयुक्त पूँजी

कम्पनियों एवं सहकारिता संस्थानों में सरकार के निवेश से प्रतिफल को तालिका प्रस्तुत करती है। अधिकतर निवेश उनके घाटा को वित्त प्रदान करने में चला जाता था एवं इस प्रकार निवेश से प्रतिफल नगण्य स्तर पर रहता था।

¼vi½ ijhxr vnk;xh cuke ijhxr dt

यह अनुपात दर्शाता है कि कर्जे, पूँजीगत अदायगी के बाद किस हद तक निवेश के लिए उपलब्ध है। अनुपात जितना निम्नतर होगा निवेश के लिए पूँजी की उपलब्धता उतनी ही उच्चतर होगी। बिहार सरकार के मामले में यद्यपि यह अनुपात वर्ष 1997–98 के 0.21 से घटकर वर्ष 2001–02 में 0.17 हो गया, हालाँकि अदायगियाँ अभी तक आरंभ नहीं हुई थी फिर भी बढ़े हुए कर्ज के कारण मुख्यतः निधि की उपलब्धता के चलते ऐसा हुआ था।

¼vii½ _.k cuke ldy jkT; ?kjyw mRikn ¼th ,l Mhih½

जी एस डी पी राज्य सरकार के कुल आन्तरिक संसाधन का आधार है जिसे ऋण सेवा पर उपयोग किया जा सकता हैं। ऋण/जी एस डी पी के अनुपात में वृद्धि का अर्थ होगा कि अपने ऋण दायित्त्वों का निर्वाह करने में सरकार की सामर्थ्य घट रही है एवं इस प्रकार कर्जदार के लिये जोखिम बढ़ रहा है। बिहार के मामले में वर्ष 1998–99 तक यह अनुपात लगभग 0.40 एवं वर्ष 1999–2000 में 0.42 के उच्च स्तर पर रहा एवं वर्ष 2000–2001 में भी 0.58 के उच्च स्तर पर तथा वर्ष 2001–2002 में 0.63 के उच्च स्तर तक रहा जो दर्शाता था कि अत्यधिक कर्ज राशि को अवलम्ब देने के कारण राज्य के संसाधन पर दबाव था। जब तक कर्ज को नियंत्रित नहीं किया जाएगा तब तक आने वाले वर्षों में बाद के कर्ज कष्टदायी होंगे क्योंकि राज्य अपने निवेशों से राजस्व पैदा करने में विफल था एवं इसकी परिसम्पत्तियाँ अनुत्पादक रही।

¼viii½ jktLo ?kkVk@jkt dk"kh; ?kkVk

राजस्व प्राप्तियाँ से अधिक राजस्व व्यय होना राजकोषीय घाटा है एवं दर्शाता है कि राजस्व व्यय कर्ज इत्यादि के द्वारा वित्त प्रदत्त है। स्पष्टतः जितना ही अधिक राजस्व घाटा होगा राज्य उतना ही अधिक भेद्य होगी। चूँकि राजकोषीय घाटा सम्पूर्ण कर्जे का सूचक है, राजकोषीय घाटा के प्रतिशतता के रूप में राजस्व घाटा इंगित करेगा कि सरकार के कर्जे का उपयोग किस हद तक गैर उत्पादन राजस्व व्यय को वित्त प्रदान करने के लिए किया जाता है। इस प्रकार अनुपात जितना ही उच्चतर होगा राज्य की स्थिति उतनी ही बद्तर होगी क्योंकि वह इंगित करेगा कि राज्य की अदायगी की सामर्थ्य में वृद्धि हुये बिना ही ऋण बोझ बढ़ रहा हैं। वर्ष 1997–2000 के दौरान अनुपात द्रुत गति से बढ़कर वर्ष 1997–98 के 0.47 से वर्ष 2000–2001 में 0.57 तथा वर्ष 2001–2002 में 0.51 पर चला गया। यह इंगित करता है कि अन्य प्रयोजनों हेतु निवेश के लिए बहुत कम राशि छोड़ते हुए कर्ज ली गयी निधि का लगभग आधा भाग राजस्व व्यय पर लगाए गये।

¼ix½ ikjfHkd ?kkVk cuke jkt dk"kh; ?kkVk

राजकोषीय घाटा घटाव ब्याज भुगतान प्रारंभिक घाटा होता है। इसका अर्थ है कि अनुपात का मान जितना ही कम होगा, पूँजीगत निवेश के लिए निधि की उपलब्धता

उतनी ही कम होगी। बिहार सरकार के मामले में इस अनुपात में वर्ष 1997–2000 में स्थिति थोड़ी सुधरी जबकि ऋण ली गयी निवल निधि का क्रमशः 92, 66 एवं 48 प्रतिशत ब्याज भुगतान के लिए लेखाबद्ध किया गया था। वर्ष 2000–2001 में स्थिति पुनः बिगड़ी जब ब्याज भुगतान (3142 करोड़ रुपये) उधार ली गयी शुद्ध निधि (2721 करोड़ रुपये) से काफी अधिक था। वर्ष 2001–2002 में अनुपात ऋणात्मक था क्योंकि राजकोषीय घाटा (2583 करोड़ रुपये) से 46 करोड़ रुपये अधिक का ब्याज भुगतान (2629 करोड़ रुपये) था। ब्याज भुगतान का बोझ अधिक रहना जारी था।

¼x½ xkjUVh cuke jkt Lo izkfIr;k

सरकार द्वारा निर्गत लेटर ऑफ कम्फोर्ट सहित लम्बित गारंटियाँ किसी राज्य सरकार के जोखिम की बात को इंगित करता है एवं इसलिए सरकार की भुगतान क्षमता के साथ–साथ उसकी राजस्व प्राप्तियों से तुलना होनी चाहिए। इस प्रकार सरकार की कुल राजस्व प्राप्तियाँ से कुल लम्बित गारंटियों का अनुपात राज्य सरकार की भेद्यता के स्तर को संसूचित करेगा। बिहार के मामले में यह अनुपात वर्ष 1998–99 के 0.10 से घटकर 2001–2002 में 0.02 हो गया था। हालाँकि लम्बित गारंटियों के आँकड़े विश्वसनीय नहीं हैं क्योंकि सहकारिता समितियों इत्यादि के विरूद्ध कुल लम्बित गारन्टियों के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा सूचना प्रस्तुत नहीं किए गए थे। चूँकि सरकार को अत्यधिक राशि गारंटी चुकाने पर खर्च करना पड़ता है, भारी लम्बित गारंटियों की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार गारंटियों के कारण दायित्त्व का परिमाण एवं राजकीय राजस्व पर जोखिम का खतरा ज्ञात नहीं है।

¼xi½ ifjlEifÙk;k cuke nkf;Ùo

यह अनुपात सरकार के ऋण चुकाने की योग्यता को सूचित करता है। एक से अधिक का अनुपात सूचित करेगा कि सरकार को ऋण चुकाने की (दायित्त्वों से परिसम्पत्तियाँ अधिक है) योग्यता है, जबकि एक से कम का अनुपात प्रतिकूलता की सूचक होगी। यह अनुपात क्रमिक रूप से घटते हुए वर्ष 1997–98 के 0.77 से गिरकर 2001–2002 में 0. 72 हो गया। यह राज्य सरकार की सम्पन्नता में कमी जारी रखने को इंगित करता है। नए राज्य झारखण्ड को परिसम्पत्तियों का बँटवारा किए जाने के बाद ही वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

¼xii½ ctV


बजट को उपस्थापित करने एवं उन्हें अनुमोदित करने में विलम्ब नहीं किया गया था। इस प्रतिवेदन के अध्याय–II में बजट आकलन एवं वास्तविक व्यय में विविधता तथा बजटीय प्रक्रिया एवं व्यय पर नियंत्रण की गुणवत्ता का भी विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। बजट बनाने में त्रुटि एवं व्यय पर अपर्याप्त नियंत्रण को यह इंगित करता है, जैसा कि प्रतिवर्ष यथेष्ट राशि का निरन्तर पुनर्ग्रहण (अभ्यर्पण) के साथ–साथ अन्तिम संशोधित अनुदान के द्वारा स्पष्ट था। वर्ष 2001–2002 के दौरान कुल बजटीय निधि का 17 प्रतिशत व्यय नहीं किया गया था (बचत) जो बजट की विश्वसनीयता को संदेहास्पद बनाता है। पुनः वर्ष के दौरान प्राप्त किए गए पूरक प्रावधान मूल आकलन का 37 प्रतिशत था जिससे अविश्वसनीय एवं गलत बजट निर्माण का संकेत मिलता है।

½xiii½ y[kk

बिहार सरकार आदतन बहुत महीनों तक लेखा में विलम्ब किया जिसके कारण इसका वार्षिक लेखा समय पर संकलित नहीं हो सका। वर्ष 2001–2002 के दौरान कोषागार एवं लोक निर्माण तथा वन प्रमण्डल जैसी अन्य लेखाकरण इकाईयाँ नियत तिथियों पर लेखा समर्पित नहीं करते थे। उदाहरणस्वरूप मार्च 2002 का लेखा देने में 13 कोषागारों, 85 लोक निर्माण प्रमण्डलों तथा 30 वन प्रमण्डलों द्वारा 30 एवं 90 दिनों के मध्य का विलम्ब किया गया था। फलस्वरूप वर्ष के अधिकांश महीनों में व्यय के वास्तविक स्तर को लेखा नहीं दर्शा पाया।

1-11-4 fu"d"k

उपरोक्त विश्लेषण दर्शाता है कि वर्ष 1997–2001 के दौरान सरकार की वित्तीय कुप्रबंधन के कारण सरकार की गम्भीर वित्तीय स्थिति चालू वर्ष में और भी बद्तर हो गयी। पूर्ववर्ती वर्षों में अविवेकपूर्ण एवं अनुचित बाजार कर्जे एवं उनके अनुत्पादक निवेश के कारण असहाय्य ब्याज भार और निवेश से तुच्छ प्रतिफल मिला।


v/;k;&II
fofu;kx y[kkijh{kk ,oa 0;; ij
fu;a=.k

v/;k;&II

fofu;kx y[kkijh{kk ,oa 0;; ij fu;a=.k

fofu;kx Yk[k dk lkjk'k 2001&2002

fofu;kx Yk[k

vuqnkuksa dh dy lwph % 47

fofu;kxksa dh dy lwph % 05

dy izko/kku ,oa okLrfod 0;;

izko/kku	jkf'k (djksM+ #ik;s esa)	0;;	jkf'k (djksM+ #ik;s esa)
मूल	16599.02		
अनुपूरक	6126.33		
कुल सकल प्रावधान	22725.35	कुल सकल व्यय	18882.33
व्यय की कमी में प्राक्कलित वसूलियाँ घटायें	–	व्यय की कमी में वास्तविक वसूलियाँ घटायें	–
dy 's k) izko/kku	22725-35	dy 's k) 0;;	18882-33

nRrer ,oa Hkkfjr izko/kku ,oa 0;;

	izko/kku		0;;	
	nRrer	Hkkfjr	nRrer	Hkkfjr
	¼djksM+ #i;s esa½			
राजस्व	10481.74	2784.01	8509.78	2650.07
पूँजीगत	2368.27	7091.33	1276.20	6446.78
ldy ;kx	12850-01	9875-34	9785-48	9096-85
घटायें–व्यय की कमी में वसूलियाँ	–	–	–	–
dy 's k)	12850-01	9875-34	9785-48	9096-85

fofu;kx y[kk ijh{kk ,oa 0;; ij fu;a=.k

2-1 iLrkouk

सरकार द्वारा विनियोग विधेयक द्वारा प्राधिकृत राशि की तुलना में विभिन्न विनिर्दिष्ट सेवाओं पर वास्तविक रूप से किए गए व्यय की राशि का विवरण दर्शाते हुए प्रति वर्ष विनियोग लेखे तैयार किये जाते हैं।

विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत किए गए वास्तविक व्यय विनियोग विधेयक के तहत दिए गए प्राधिकार के अंतर्गत हैं या नहीं तथा व्यय, जिसे संविधान के प्रावधानों के तहत भारित होने की आवश्यकता है, भारित किया गया है या नहीं, को आंकना विनियोग लेखा परीक्षा का उद्देश्य है। वो यह भी सुनिश्चित करता है कि किया गया व्यय कानून, सम्बद्ध नियमों, अधिनियमों एवं निर्देशों के साथ सम्मत है अथवा नहीं।

2-2- fofu;kx y[kk dk lkjka'k

वर्ष 2001–2002 के दौरान अनुदानों/विनियोगों के विरूद्ध वास्तविक व्यय की संक्षिप्त स्थिति निम्नानुसार थी :

	0;; dh izdfr	ey vuqku@ fofu;kx	ijd vuqku@ fofu;kx	;kx	okLrfod 0;;	cpr (-)@ vkf/kD; (+)
		(djksM+ #i;s esa)				
दत्तमत	(i) राजस्व	10153.82	327.92	10481.74	8509.28	(-)1972.46
	(ii) पूँजीगत	1475.75	218.56	1694.31	742.48	(-)951.83
	(iii) ऋण एवं पेशगियाँ	609.14	64.82	673.96	533.72	(-)140.24
dqy nRrer		**12238.71**	**611.30**	**12850.01**	**9785.48**	**(-)3064.53**
भारित	(iv) राजस्व	2769.30	14.71	2784.01	2650.07	(-)133.94
	(v) पूँजीगत				–	
	(vi) लोकऋण	1591.01	5500.32	7091.33	6446.78	(-) 644.55
dqy Hkkfjr		**4360.31**	**5515.03**	**9875.34**	**9096.85**	**(-)778.49**
dqy ;kx		**16599.02**	**6126.33**	**22725.35**	**18882.33**	**(-)3843.02***

* 20.71 करोड़ रुपये का व्यय, जिसके अभिश्रव महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰) को प्राप्त नहीं हुए थे एवं राज्य के समेकित निधि में राशि का लेखाकरण नहीं हो पाया था, को छोड़कर तथा 53.00 करोड़ रुपये का व्यय, जो सार आकस्मिकता विपत्र पर निकासी किए गए थे एवं इनके लिए विस्तृत आकस्मिकता विपत्र उपस्थापित नहीं किए गए थे तथा 30.96 करोड़ रुपये जमा शीर्ष के अन्तर्गत स्थानान्तरित कर दिए गये थे, सहित।

2-3 fofu;kx y[kk ijh{kk dk ifj.kke

2-3-1 3843.02 करोड़ रुपये (कुल प्रावधान का 17 प्रतिशत) की समग्र बचत, अनुदानों के 47 मामलों एवं विनियोगों के 8 मामलों में हुए 9190.03 करोड़ रुपये की बचत एवं 1 अनुदान (15–पेंशन) और 1 विनियोग (14–ऋण की अदायगी) के 5347.01 करोड़ रुपये के आधिक्य का निवल परिणाम था। कुल बचत में 2106 करोड़ रुपये (55 प्रतिशत), 952 करोड़ रुपये (25 प्रतिशत) तथा 785 करोड़ रुपये (20 प्रतिशत) क्रमशः राजस्व, पूँजीगत एवं ऋण तथा अग्रिम एवं लोक ऋण लेखा से सम्बन्धित थे। 5347.01

करोड़ रुपये के आधिक्य में से 491.24 करोड़ रुपये को संविधान के अनुच्छेद 205 के तहत नियमित करना अपेक्षित था, जैसा कि परिशिष्ट V में दर्शाया गया है। वर्ष के दौरान अधिक पेंशन का भुगतान होने के कारण ऐसा हुआ था। 2504 करोड़ रुपये के बचत के लिए संबंधित विभाग द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था।

2-3-2 वर्ष के दौरान प्राप्त किया गया पूरक प्रावधान मूल बजट प्रावधान का 36.91 प्रतिशत था जब कि गत वर्ष में यह 34.65 प्रतिशत था।

2-3-3 अक्टूबर 2001 एवं मार्च 2001 के मध्य 50 मामलों में प्राप्त किये गये (परिशिष्ट VI) 464.43 करोड़ रुपये के पूरक प्रावधान पूर्णतः अनावश्यक थे क्योंकि इन मामलों में व्यय मूल प्रावधान के स्तर तक भी नहीं हुए थे। 4 अन्य मामलों में (परिशिष्ट VII) मात्र 50.75 करोड़ रुपये की ही अतिरिक्त निधि की आवश्यकता थी, जबकि 135.40 करोड़ रुपये के पूरक अनुदान प्राप्त किए गये थे, फलतः प्रत्येक मामले में बचत 10 लाख रुपये से अधिक था।

2-3-4 एक मामले (अनुदान सं.–15–पेंशन) में 0.95 करोड़ रुपये का अनुपूरक प्रावधान अपर्याप्त सिद्ध हुआ जिससे 490.29 करोड़ रुपये के अधिकाई व्यय छुटे रह गए ।

2-3-5 भारत के संविधान के अनुच्छेद 205 के अनुसार अनुदान/विनियोग से अधिक व्यय को राज्य विधान मंडल द्वारा विनियमित कराना राज्य सरकार के लिए अनिवार्य है। हालाँकि, वर्ष 1977–78 से वर्ष 2001–02 तक के कुल 7457.47 करोड़ रुपये के अधिकाई व्यय को विधान मंडल द्वारा विनियमित नहीं कराने (अगस्त 2002) से सरकार अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करने में विफल रही, जैसा नीचे विवरणित है :

o"k	vunkuk@ fofu;kx dh l[;k	vunku@fofu;kx la	vkf/kD; dh jkf'k	jkf'k ftldh fy, ih-,-lh-dk Li"Vhdj.k ugh fn;k x;k Fkk
			¼djksM #i;ksa esa½	
1977-78	4	4,5,9,24	14.51	14.51
1978-79	4	4,9,17,27	31.11	31.11
1979-80	4	3,4,6,17	34.50	34.50
1980-81	7	4,6,8,10,12,16,17	27.92	27.92
1981-82	14	1,3,4,8,9,10,11,12,13,15,16, 17, 21,24	80.30	80.30
1982-83	5	6,8,12,16,22	5.25	5.25
1983-84	4	6,9,11,12	227.36	227.36
1984-85	4	3,4,8,14	2.66	2.66
1985-86	4	4,8,10,13	15.17	15.17
1986-87	3	4,6,13	87.43	87.43
1987-88	13	1,4,5,9,12,14,18,19,25,31, 38,42, 48	420.66	420.66
1988-89	6	4,9,12,18,25,38	166.92	166.92
1989-90	6	4,18,25,27,38,45	228.65	228.65
1990-91	8	12,18,36,37,38,42,43,47	330.07	330.07
1991-92	8	1,4,6,11,12,18,38,43	1228.67	1228.67
1992-93	6	1,4,12,18,25,38	1462.10	1462.10
1993-94	4	12,18,25,37	702.17	702.17
1994-95	2	12,37	318.23	318.23
1995-96	5	4,12,25,36,37	405.08	405.08
1996-97	6	4,12,20,23,36,37	256.38	256.38
1997-98	4	4,7,12,15	12.19	12.19
1998-99	1	30	0.33	0.33
1999-2000	5	10,13,14,40,50	196.23	196.23
2000-01	5	5, 13, 15, 25, 32	712.34	712.34
2001-02	1	15	491.24	491.24
	;kx		**7457.47**	**7457.47**

2-3-6 प्रत्येक 44 मामलों में, जैसा कि परिशिष्ट VIII में दर्शाया गया है, व्यय में 2 करोड़ रुपये या उससे अधिक की एवं कुल प्रावधानों के 10 प्रतिशत से अधिक की भी कमी थी।

2-3-7 प्रत्येक 51 मामलों में सतत् 2 करोड़ रुपये से अधिक एवं कुल प्रावधान का 10 प्रतिशत से अधिक की बचतें पायी गयी थीं (द्रष्टव्य परिशिष्ट IX)।

2-3-8 ub lok@lok dk u;k lk/ku ij 0;;

जिस वर्ष के वार्षिक वित्तीय विवरणी (अर्थात बजट) में ''नई सेवा'' पर व्यय को शामिल नहीं किया गया हो तथा ''सेवा के नए साधन'' पर व्यय को विधान मंडल द्वारा प्राधिकृत होना आवश्यक है। राज्य लोक लेखा समिति ने अपने 30वें प्रतिवेदन में ''नई सेवा'' के रूप में व्यय की गणना करने के लिए मुद्रा सीमा की अनुशंसा की थी (जिसे राज्य सरकार द्वारा सितम्बर 1971 में स्वीकार कर लिया गया)। विधान मंडल द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार उन मामलों को कर्मचारी की संख्या में वृद्धि, अतिरिक्त कार्य, अनुदान एवं अंशदान (वर्त्तमान उद्देश्यों के लिए) ब्याज सहित ऋण एवं पेशगियाँ जो बजट में किए गए प्रावधानों में शामिल नहीं हो, सरकार द्वारा समय–समय पर गठित समिति तथा वेतनमान में संशोधन, जिसके लिए पृथक मानदण्ड विहित है, पर होने वाले व्यय को छोड़कर) 'नई सेवा' के रूप में समझा जाना है, जो व्यय पूर्व के दत्तमत्त अनुदान से दो गुणा अधिक या 2 लाख रुपये, जो भी ज्यादा हो, रहे। एक मामले में विधानमंडल का आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किए बिना ही प्रावधान से अधिक, मूल प्रावधान से दो गुणा से अधिक जिन्हें ''नई सेवा''/''नए सेवा के साधन'' समझा जाना था, कुल 1.90 करोड़ रूपये का व्यय किया गया था। विवरण परिशिष्ट–X में दिए गऐ हैं। 2 मामलों में बजट प्रावधानों के बिना कुल 30.24 करोड़ रुपये का व्यय किया गया था, (द्रष्टव्य परिशिष्ट–XI) ।

2-3-9 ogr cpr vH;fir ugh dh x;h

सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार जब कभी भी बचतें पूर्वानुमानित हो, व्यय करने वाले विभागों द्वारा वित्त विभाग को अनुदानों/विनियोगों या उसके भाग अभ्यर्पित कर दिये जाने थे। हालाँकि वर्ष 2001–2002 के अंत में राजस्व खण्ड के 26 अनुदानों एवं 3 विनियोगों तथा पूँजी खण्ड के 14 अनुदानों में, जिनमें प्रत्येक मामले में एक करोड़ रुपये से अधिक के 1884.51 करोड़ रुपये की वृहत बचत थीं, को विभागों द्वारा अभ्यर्पित नहीं किया गया था (द्रष्टव्य परिशिष्ट XII)।

3843.02 करोड़ रुपये (शुद्ध) के कुल बचत के विरुद्ध वर्ष 2001–2002 के दौरान केवल 2446.46 करोड़ रुपये ही अभ्यर्पित किए गए जिसमें से 2446.44 करोड़ रुपये (लगभग 100 प्रतिशत) का अभ्यर्पण वित्तीय वर्ष के केवल अंतिम दिन किया गया। यह दर्शाता था कि विभागीय पदाधिकारी समुचित बजट नियंत्रण रखने में विफल थे।

2-3-10 vuqfpr@vf/kd vH;i.k

बिहार बजट नियमावली के नियम 135 के प्रावधानों के तहत जब भी अभ्यर्पण की आवश्यकता उत्पन्न होती है, नियंत्रण अधिकारी को, उसके द्वारा अभ्यर्पित की जा सकनेवाली राशि का सावधानीपूर्वक आकलन करना चाहिए। व्यय को संशोधित अनुदान के भीतर ही रखने का लक्ष्य होना चाहिए।

अनुदान सं. 38 – निबंधन विभाग में 1.34 करोड़ रुपये के उपलब्ध बचत के विरूद्ध 3.91 करोड़ रुपये का अभ्यर्पण किया गया था। 22 मामलों में वास्तविक व्यय संशोधित

अनुदान से बहुत अधिक था जिससे 162.50 करोड़ रुपये का अभ्यर्पण अनुचित/अधिक साबित हुआ (द्रष्टव्य परिशिष्ट–XIII)।

2-3-11 39 ifr'kr 0;; dk feyku ugh fd;k x;k Fkk

वित्तीय नियमावली के अनुसार आवश्यक है कि व्यय के विभागीय आंकड़ों को महालेखाकार की बही में दर्ज आंकड़ों के साथ अवधिक तौर पर विभागीय नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा मिलान किया जाए। उच्चतम स्तर के अधिकारियों से बारंबार स्मार के बावजूद वर्ष 2001–2002 के दौरान 122 नियंत्री पदाधिकारियों ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन तक 1650 अदद विनियोग के अन्तर्गत लगभग 7290 करोड़ रुपये के कुल व्यय की राशि का मिलान नहीं किया था। मिलान नहीं किए गए व्यय कुल व्यय का 39 प्रतिशत होता था।

वर्ष 1999–2000 के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं पूर्ववर्त्ती प्रतिवेदनों में भी विभागीय आँकड़ों का मिलान नहीं किए जाने एवं मिलान की आवश्यकता पर जोर दिए जाने के बावजूद भी नियंत्री पदाधिकारियों की ओर से इस सम्बन्ध में उदासीनता बनी रही एवं वर्ष 2001–2002 के दौरान भी व्यय पर विभागीय नियंत्रण में शिथिलता जारी रही। राशियों का विभाग–वार विवरण, जिनका वर्ष 2001–2002 के दौरान मिलान नहीं हुआ था, परिशिष्ट–XIV के अनुसार थे।

यह पाया गया कि 7290 करोड़ रुपये के कुल मिलान नहीं की गई राशि में से 7037 करोड़ रुपये, मानव संसाधन विकास विभाग (2425 करोड़ रुपये) वित्त विभाग (2295 करोड़ रुपये), चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य विभाग (432 करोड़ रुपये), ग्रामीण विकास विभाग (387 करोड़ रुपये), सामाजिक सुरक्षा एवं परिवार कल्याण (345 करोड़ रुपये), पंचायती राज विभाग (324 करोड़ रुपयें), पुलिस निगरानी विभाग (243 करोड़ रुपये), जल संसाधन विभाग (251 करोड़ रुपये), राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (204 करोड़ रुपये) तथा लोक कार्य प्रमण्डल (131 करोड़ रुपये) से संबंधित थे।

विभिन्न विभागों के नियंत्रण पदाधिकारियों द्वारा व्यय का मिलान नहीं किए जाने से कपट, धोखाधड़ी एवं गबन, आदि के उजागर नहीं होने, जैसा कि वर्ष 1996–97 तक पशुपालन विभाग के मामले में देखा गया था, जैसी गंभीर अनियमितताओं के होने का खतरा था।

2-4 0;; ,o ctVh; fu;=.k

2-4-1 vkjf{kr fuf/k&ctV d fy, y[kk ifd;k dk ikyu ugh

¼i½ vuqnku l[;k 39& lgk;; ,o iuokl foHkkx

भारत के नियंत्रक –महालेखापरीक्षक के 31 मार्च 1995 को समाप्त हुए वर्ष के प्रतिवेदन की कंडिका 2.9 में आपदा राहत प्रदान करने के लिए भारत सरकार (75 प्रतिशत) एवं राज्य सरकार (25 प्रतिशत) द्वारा 35 करोड़ रुपये के वार्षिक अंशदान के साथ आपदा राहत कोष का सृजन और कोष की अभिवृद्धि में निवेश नहीं किए जाने का उल्लेख किया गया था। वर्ष 1991–92 से वर्ष 1999–2000 तक 9 वर्षो में राहत व्यय के लिए व्यय शीर्ष ''2245–प्राकृतिक विपदाओं के मद में राहत'' के अन्तर्गत बजट प्रावधान करने की प्रक्रियाओं का अनुपालन नहीं किया जाना एवं शीर्ष के अन्तर्गत लेन–देन के गलत लेखाकरण का भी उल्लेख किया गया था। वर्ष 2000–2001 में भी सहाय्य व्यय हेतु बजट प्रक्रिया, जैसाकि योजना में निर्धारित था, का अनुपालन हुआ था। आपदा

राहत कोष में लंबित अंशदान के स्थानांतरण के लिए भी बजट प्रावधान किया गया था तथा कोष में कुल 354.16 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए गए थे, लेकिन इसमें से कोई निवेश नहीं किया गया था।

ग्यारहवें वित्त आयोग ने वर्त्तमान योजना को कुछ संशोधन के साथ वर्ष 2000–2005 तक जारी रखने की अनुशंसा की थी। वर्ष 2001–2002 के दौरान कोष में भारत सरकार का अंशदान 52.73 करोड़ रुपये था। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता कोष से 17 अगस्त 2001 को अपने हिस्सा के प्रथम किस्त के रूप में मात्र 26.37 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ था। लेकिन भारत सरकार का अंशदान (52.73 करोड़ रुपये) एवं राज्य सरकार का अंशदान (17.58 करोड़ रुपये) तथा राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि से अनुदान (26.37 करोड़ रुपये) को आपदा राहत कोष में स्थानांतरित करने के लिए बजट प्रावधान नहीं किया गया था। वर्ष के दौरान राहत व्यय का कोई अंश उस निधि से नहीं किया गया था।

(ii) बजट तैयार करने के सामान्य सिद्धान्त के अनुसार सम्बद्ध सेवा शीर्ष (राजस्व एवं पूँजीगत) एवं वसूलियाँ के अन्तर्गत व्यय के सकल राशि के लिए अनुदानों/विनियोगों का माँग किया जाता है जिसमें वसूलियाँ शीर्ष के नीचे अलग से ''घटाव–प्राप्तियाँ एवं वसूलियाँ को व्यय में कमी के रूप में दिखाया जाता है। हालाँकि बिहार सरकार का बजट इस सिद्धान्त का अनुपालन नहीं किया था एवं इसके परिणामस्वरूप व्यय में से की गयी वसूलियों का परिमाण आँकने योग्य नहीं था।

v/;k;&III

vlfud foHkkx

[k.M&d % lehf{kk,

i'kqikyu ,oa eRL; ikyu foHkkx

3-1 eRL; ikyu fodkl

e[;kd"k.k

मत्स्य पालन विकास से मत्स्य उत्पादन बढ़ाने एवं मछुआरों तथा मत्स्य पालकों के सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार लाने का विचार था। यह पाया गया कि 14 में से 6 योजनागत योजनाओं (केन्द्रीय : 2 ; राज्य : 4) का क्रियान्वयन नहीं हुआ था तथा मत्स्य एवं मत्स्य बीज के उत्पादन के लिए तालाब, हौज, मन, चौर इत्यादि के निर्धारित क्षेत्र का 11 से 30 प्रतिशत योजना के तहत शामिल नहीं किया गया था। अनुश्रवण के अभाव, वृहत् बचत, अपूर्ण योजनाओं पर भारी व्यय, इच्छुक मत्स्य पालकों को ऋण/अनुदान का भुगतान नहीं करने, निष्क्रिय कर्मियों पर अत्यधिक व्यय, मत्स्य विकास के लिए अनुसंधान के अभाव, मत्स्य बीज फार्म (115) तथा नर्सरी (604) के अक्रियाशील रहने, इत्यादि के कारण योजना का क्रियान्वयन दयनीय था। अतः मछुआरों एवं मत्स्य पालकों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार कर समग्र ग्रामीण विकास करने का लक्षित उद्देश्य अप्राप्त रहा।

eRL; fodkl ;kstukvksa dk rgr rkykc] gkt] eu rFkk pkj dh fu/kkfjr {ks= dk 11 ls 30 izfr'kr 'kkfey ugha fd;k x;kA

¼dfMdk 3-1-4½

miyC/k fuf/k dk 36 izfr'kr ¼23-03 djksM #i;½ [kpZ ugha fd;k x;kA ijUrq LFkkiuk 0;; dk 85 izfr'kr ¼34-16 djksM #i;½ FkkA

¼dfMdk 3-1-5 ¼d½½

funs'kd] eRL; ikyu us 1-26 djksM #i;s ls 2-07 djksM #i;s rd dk vR;f/kd jkdM 'ks"k viuk ikl j[kkA

¼dfMdk 3-1-5 ¼[k½½

jkT; esa 115 gpjh ,oa 604 uljh vfØ;'khy jgsA

¼dfMdk 3-1-6½

16 vi.kh >hy fodkl ;kstukvksa ij 26 yk[k #i;s dk vuqRiknd 0;; gqvkA

¼dfMdk 3-1-7-1 ¼i½½

ogÙk lrr cpr ¼58 izfr'kr½] eRL; ikydksa dk _.kksa dh ux.kuh Loh dfr] i;kZIr {ks=h; inkf/kdkfj;ksa }kjk gkt@rkykcksa dh fujh{k.k dk vHkko ,oa yf{kr eRL; ikydksa dk if'k{k.k dk vHkko dh dkj.k eRL; ikyd fodkl vfHkdj.k ¼,Q-,Q-Mh-,-½ ;kstuk 'kq: gksus ugha gks ldhA

¼dfMdk 3-1-7-2 ¼i½½

eRL; ikydk d vkokl d fuek.k d fy, fudkl h dh xb 84-60 yk[k #i; e l 67-37 yk[k #i; v0;oâr jghA

¼dfMdk 3-1-7-4½

परियोजना मार्च 2001 में बंद हो गई। अनुबंध के अनुसार भुगतान एवं मूल्यांकन कार्यवाही को मार्च 2003 तक पूरा हो जाना था। ई.ई.सी. ने परियोजना के मूल्यांकन के लिए जुलाई 2001 में एक विशेषज्ञ दल भेजा। सरकार के सचिव ने कहा (अक्टूबर 2002) कि दल का प्रतिवेदन ई.ई.सी. एवं एन.सी.डी.सी. को प्रस्तुत किया गया। हालाँकि लेखापरीक्षा को प्रतिवेदन की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई।

1.57 करोड़ रुपये अव्यवहृत रहे। अधिकांश प्राथमिक कृषि सहकारी समिति ने ऋण का भुगतान नहीं किया। 87 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों की कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं थी तथा परियोजना क्रियान्वयन कोषांग ने उनकी व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु कोई कार्रवाई शुरू नहीं की। अधिक संख्या में गोदाम अपूर्ण पड़े रहे जबकि निधि विमुक्त की गई तथा कार्यकारी एजेंसियों के पास अव्यवहृत पड़ी रही। प्रबंधकीय अनुदान एवं आय सृजनकारी योजना ने भी उद्देश्यों को पूरा नहीं किया।

---

* *पी.आई.सी. द्वारा परिगणित वसूलनीय ब्याज मार्च 2001 तक 9.89 करोड़ रुपये था।*

मामले सरकार को संदर्भित किए गए (अगस्त 2002) ; उनके उत्तर प्राप्त हुए (अक्टूबर 2002) एवं जहाँ तक संभव था पूर्ववर्त्ती उप–कंडिकाओं में उन्हें समावेशित किया गया।

3-6 lgdkjh {k= e ljdkj }kjk _.k rFkk fuos'k

बिहार सहकारी समिति अधिनियम 1935 के धारा 13 (ए) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा सहकारी समितियों में अंशगत पूँजी, ऋण या अग्रिम आदि के रूप में निवेश किया गया। 31 मार्च 2002 तक 237.54 करोड़ रुपये अंशगत पूँजी के रूप में तथा 255.57 करोड़ रुपये ऋण के रूप में निवेश किया गया।

सचिव, सहकारिता विभाग, निबंधक, सहकारी समितियाँ, बिहार, पटना, बिहार राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक (बी.एस.सी.एल.डी.बी.) पटना तथा बिहार राज्य सहकारी बैंक (बी.एस.सी.बी.) पटना के कार्यालयों के वर्ष 1997–2002 से संबंधित अभिलेखों का नमूना जाँच फरवरी से मई 2002 के दौरान किया गया। पाए गए तथ्य निम्नवत थे :

¼v½ *lgdkjh {k= e vfxr ifjtuk d :i e ljdkjh fuos'k*

सहकारी समितियों के अंशगत पूँजी में निवेशों का प्रतिफल शून्य या नगन्य था। निबंधक, सहयोग समितियाँ द्वारा न तो किए गए निवेश का विवरणी संधारित किया गया न ही सहकारी समितियों के वित्तीय स्थिति को आकलित किया गया जिसके परिणामस्वरूप हानि वाले/वित्तीय अव्यवहार्य समितियों पर निवेश हुआ।

¼c½ *ljdkj }kjk mxkgh fd;k x;k _.k rFkk lfefr;k dk fn;k x;k vfxe*

वर्ष 1997–2002 के दौरान, सहकारी संस्थानों को ऋण अग्रिम प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा एन.सी. डी. सी. से उगाही किए गए ऋण, किया गया अदायगी तथा एन.सी.डी. सी. को सरकार द्वारा किए गए अदायगी हेतु बकाया शेष का विवरण निम्नवत है :

o"k	,uhMhlh ls mxkgh fd;k x;k _.k		vnk;xh		vfr'k"k
	vkfn'k"k	o"k dk nkjku	eyy/ku	ln	
	¼#i;s djksM esa½				
1997-98	33.75	Nil	2.95	3.35	30.80
1998-99	30.80	3.74	3.44	3.06	31.10
1999-2000	31.10	11.13	4.02	3.14	38.21
2000-01	38.21	Nil	2.84	2.61	35.37
2001-02	35.37	15.20	3.32	3.00	47.25
;kx		**30.07**	**16.57**	**15.16**	

(स्रोत : सहकारिता विभाग द्वारा प्रस्तुत आँकड़े)

31 मार्च 1997 तक सरकार को सहकारी समितियों से कुल बकाया अति देय ऋण की वसूली की जानकारी नहीं थी। जबकि वित्त लेखा के अनुसार, 31 मार्च 1997 तक सहकारी संस्थाओं से वसूली हेतु 185.23 करोड़ रुपये का सरकारी ऋण बकाया था। वर्ष 1997–2002 के दौरान सरकार द्वारा 11.75 तथा 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष परिवर्त्तनीय दरों तक 71.26 करोड़ रुपये के ऋण की अग्रिम प्रदान की गई। इसमें से अभी तक के ऋणों के अदायगी हेतु बिस्कोमान तथा बी.एस.सी.एल.डी.बी. को 64.33 करोड़ रुपये का अग्रिम प्रदान किया गया।

सहकारी संस्थाओं से ऋण की वापसी को निम्नवत् तालिका दर्शाती है :

o"k	vkfn 'k"k	lefr;k dk vfxe fd;k x;k _.k	lefr;k }kjk vnk;xh dh xbZ _.k	vUr 'k"k	ikIr Un
	¼#i;s djksM esa½				
1997-98	185.23	6.47	0.08	191.62	2.11
1998-99	191.62	6.28	0.38	197.51	0.03
1999-2000	197.51	6.33	0.39	203.46	0.28
2000-01	203.46	29.50	0.07	232.89	0.28
2001-02	232.89	22.68	अनु.	255.57	अनु.
;ksx	-	**71.26**	**0.92**	--	**2.70**

(स्रोत : वित्त लेखा तथा सहकारिता विभाग द्वारा प्रस्तुत आँकड़े)

ऐसा पाया गया कि विभाग द्वारा वसूली को सुनिश्चित करने के लिए कोई अनुवर्त्ती कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप 31 मार्च 2002 तक 22.58 करोड़ रुपये (मूलधन : 8.59 करोड़ रुपये, सूद 13.99 करोड़ रुपये) के बकाए वसूली के विरूद्ध, मूलधन के रूप में केवल 0.92 करोड़ रुपये तथा सूद के रूप में 2.76 करोड़ रुपये का भुगतान सहकारी समितियों द्वारा किया गया।

साथ ही यह देखा गया कि सरकार द्वारा एनसीडीसी को 31.73 करोड़ रुपये (मूलधन 16.57 करोड़ रुपये, सूद 15.16 करोड़ रुपये) ऋण की अदायगी की गई जबकि सहकारी समितियों से उनके द्वारा मात्र 3.62 करोड़ रुपये (मूलधन : 0.92 करोड़ रुपये, सूद : 2.70 करोड़ रुपये) प्राप्त किए गए।

¼x½ *ifjiDo _.ki=k dk vudnhdj.k*

यह पाया गया कि बी एस सी एल डी बी से क्रय किए गए (तिथि अनुपलब्ध) 13.05 करोड़ रुपये का ऋण–पत्र फरवरी 1981 से जनवरी 2002 के बीच नकदीकरण के लिए परिपक्व हो गए थे। इन ऋण–पत्रों के सूद दर 6 से 12 प्रतिशत के बीच थे। हाँलाकि सरकार द्वारा इन ऋण–पत्रों के नकदीकरण हेतु कोई पहल नहीं किया गया। सरकार द्वारा परिपक्व ऋण–पत्रों के नकदीकरण हेतु पहल नहीं किए जाने के फलस्वरूप परिपक्वता की तिथि से मात्र 6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से परिकलित करने पर 13.05 करोड़ रुपये की हानि हुई।

(घ) विभाग द्वारा सहकारी संस्थाओं को दिए गए ऋण के विरूद्ध वसूली एवं निवेश की प्राप्ति का अनुश्रवण नहीं किया गया।

मामले सरकार को संदर्भित किए गए (अगस्त 2002) ; सरकार के सचिव ने बताया (दिसम्बर 2002) कि अंतिम दशक में कम सहायता के कारण समितियाँ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं तथा विभाग द्वारा समितियों से ऋण की वसूली हेतु हाल में अभियान चलाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रत्येक समिति के अभिलेखों को संधारित रखने के लिए कहा गया तथा उनको ऋणों की वसूली तथा समितियों के गतिविधियों को बढ़ाने के लिए जिम्मेवार बनाया गया।

LokLF;] fpfdRlk f'k{kk ,oa ifjokj dY;k.k foHkkx

3-7 fu;eksa dk fo:) **vlfud tek**@cdk e j[kus dk fy, fuf/k vkgfjr dh xbZ

*fu;eksa dk fo:) dk"kkxkj lsa 2-50 djksM #i;s vkgfjr fd, x, ¼ekpZ 2000½A xjhch j[kk lsa uhps jgus okys ykxksa dk fpfdRlk lqfo/kk iznku djus dk okf{kr mís'; dh izkfIr ugha gqbZ pfd jkf'k **vlfud tek**@cd e vuqi;qDr iMh jghA*

निकासी एवं आहरण पदाधिकारी द्वारा कोषागार से राशि का आहरण आवश्यक तत्काल भुगतान के लिए किया जाना चाहिए था तथा कोषागार से किसी राशि का आहरण उसे बैंक में रखने के लिए करना नियम के विरूद्ध था।

सहायक निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के अभिलेखों के नमूना जाँच में यह पाया गया (जुलाई 2000) कि इन प्रावधानों के विरूद्ध सरकार के अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा तथा परिवार कल्याण विभाग ने राज्य स्वास्थ्य सहायता निधि के लिए राज्य का अंश प्रदान करने हेतु राज्य के आकस्मिकता निधि से 2.50 करोड़ रुपये के आहरण की स्वीकृति (14 मार्च 2000) प्रदान किया। बिहार राज्य बीमारी सहायता समिति के नाम से एक समिति का गठन (मार्च 2000) निधि को नियंत्रण करने के लिए किया गया। इस निधि से गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को गंभीर बीमारियों से इलाज हेतु स्वास्थ्य सुविधा पर खर्च किया जाना था। इसके अनुसार सहायक निदेशक (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार द्वारा 2.50 करोड़ रुपये का आहरण किया (मार्च 2000) तथा इसे ''सिविल डिपोजिट'' में रखा गया। इसके बाद उन्होंने इस निधि को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में स्थानान्तरित किया (16 जून 2000)।

सहायक निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के अभिलेखों के नमूना जाँच के दौरान पाया गया (जुलाई 2000) कि लाभार्थियों की रूचि तथा ध्यान आकर्षित करने तथा लक्षित लाभार्थियों को जागरूक करने हेतु योजना के मुख्य विशेषताओं को प्रकाशित नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, अगस्त 2002 तक 3 रोगियों के चिकित्सा के लिए मात्र 1.33 लाख रुपये खर्च किए गए। इसके बाद बैंक में निधियों को रखने के कारण, सरकार को अगस्त 2002 तक 69.91 लाख रुपये के सूद की हानि (12 प्रतिशत प्रति वर्ष सरकारी उधार दर से) हुई। इसके अलावे राज्य सरकार के हिस्से को अनुपूरित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए (जुलाई 2002) 1.25 करोड़ रुपये को कोष में जमा करने के बदले सरकारी खाते में जमा किया गया था।

मामला सरकार को संदर्भित किया गया था (जून 2002)। सरकार के आयुक्त–सह–सचिव ने बताया (अगस्त 2002) कि योजना किशोरावस्था में थी इसलिए प्रगति धीमी थी। जवाब समुचित नहीं था चूँकि दो वर्ष के विलम्ब के पश्चात भी कल्याणकारी योजनाओं का शुरूआत नहीं हुआ था। आयुक्त–सह–सचिव ने कहा कि योजना निधि को बैंक खाते में भारत सरकार के आदेश के तहत रखा गया था। राशि को सूदधारी खाते में नहीं रखे जाने का कारण उन्होंने स्पष्ट नहीं किया।

xg ¼dkjk½ foHkkx

3-8 cfn;k dh fy, ty dh Ø; ij ifjgk;h 0;;

vizy 1988 l dk;'kh ftyk dkjkxkj] lkalkjke e ty lfo/kk dk vHkko FkkA QyLo:i ty dh Ø; ij 46-50 yk[k #i;s dk ifjgk;h 0;; gvkA

जिला कारागार, सासाराम के अभिलेखों के नमूना जाँच (जून 2000) से तथा उसके बाद सूचनाओं के संकलन (मई 2002) से प्रकट हुआ कि उप–कारागार, सासाराम जिला कारागार के रूप में उन्नयित्त किया गया तथा एक नए भवन में अवस्थित किया गया। उप–कारागार, सासाराम के सभी कैदियों को नव निर्मित जिला कारागार में स्थानान्तरित कर दिया गया। चूँकि कारागार में पेयजल सुविधा नहीं थी, इसलिए जिला कारा अधीक्षक, सासाराम ने पानी के टैंकों द्वारा सासाराम नगरपालिका से जल का क्रय किया तथा अप्रील 1988 से मार्च 2003 के दौरान इस पर 46.50 लाख रुपये का व्यय किया।

अधीक्षक, जिला कारा, सासाराम ने बताया (मई 2002) कि सासाराम नगर पालिका से जल का क्रय इसलिए किया जा रहा था चूँकि कारा परिसर में जल स्रोत का विकल्प उपलब्ध नहीं था।

इस प्रकार, जिला कारागार, सासाराम में 14 वर्षों तक पी.एच.ई.डी. द्वारा पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई जिसके परिणामस्वरूप अप्रील 1988 से मार्च 2003 के दौरान जल के क्रय पर 46.50 लाख रुपये का परिहार्य व्यय हुआ। जब तक जल की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तब तक भविष्य में भी कारागार को इस परिहार्य दायित्त्व को वहन करना है।

मामले सरकार को संदर्भित किए गए (जुलाई 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

;ktuk ,oa fodkl foHkkx

3-9 v/kjh rFkk ifjR;ä ftyk ;kstukxr ;kstukvksa ij vykHkdkjh 0;; % 48-49 yk[k #i;s

fuf/k dh miyC/krk dk lfuf'pr fd, oxj ;ktukvksa dk ikjHk fd, tkus ds QyLo:i tgkukckn fty e 35 v/kjh ,oa ifjR;ä ;ktukvksa ij 48-49 yk[k #i;s dk vykHkdkjh 0;; gvkA

जिला योजना एवं विकास परिषद (डी. पी. डी. सी) द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद जिला समाहर्त्ता द्वारा विभिन्न जिला योजनागत योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान

की गई। जिला समाहर्त्ता को जिला योजनाओं के अंतर्गत योजनाओं को उनके प्रशासनिक तकनिकी तथा वित्तीय औचित्य का आकलन करने के बाद शुरू किया जाना था ताकि चयनित योजनाओं को उसी वित्तीय वर्ष में पूरा किया जा सके।

जिला योजना पदाधिकारी, जहानाबाद के अभिलेखों के संवीक्षा से प्रकट हुआ (जनवरी 2002) कि जिला योजनागत योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 1996 तक जिला समाहर्त्ता, जहानाबाद द्वारा पुलों, सामुदायिक भवन, नाला के निर्माण, हैंड पंप लगाना, सड़क निर्माण आदि से संबंधित 47 योजनाओं को स्वीकृत किया गया। इसमें से मार्च 1996 तक चलाई गई 35 योजनाओं (आकलित लागत 84.25 लाख रुपये) को डी.पी.डी.सी. द्वारा निधि के अभाव में छोड़ दिया गया (सितम्बर 1996)। ये सभी योजनाएँ मई 2002 तक अपूर्ण थे, जबकि इन अपूर्ण एवं परित्यक्त योजनाओं पर 48.49 लाख रुपये का व्यय हो चुका था। इन योजनाओं के पूर्णता की कोई संभावना नहीं थी।

इस प्रकार, निधि की उपलब्धता सुनिश्चित किए बगैर बड़ी संख्या में जिला योजनागत योजनाओं को चलाने का अनुचित निर्णय के फलस्वरूप इनको बीच में ही छोड़ देना पड़ा तथा 48.49 लाख रुपये का अलाभकारी व्यय हुआ। इन योजनाओं को पुनर्जीवित करने का कोई प्रस्ताव नहीं था। अतः 48.49 लाख रुपये का सकल व्यय निरर्थक साबित हुआ क्योंकि इन अपूर्ण योजनाओं को शुरू करने की कोई योजना नहीं थी।

मामले सरकार को संदर्भित किए गए (जून 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

ek/;fed] ikFkfed rFkk o;Ld f'k{kk foHkkx

3-10 f'k{kdksa dk oruHkxrku ij fujFkd 0;; % 1-11 djksM #i;s

456 f'k{kd] tks vUrsokl; i.f'k{k.k dsa ckn ;ksxnku fn, Fks] dks inLFkkiuk ftyk f'k{kk v/kh{kd] iVuk }kjk 4 ekg ls vf/kd foyEc ls fd;k x;k] ftldh ifj.kkeLo:i 1-11 djksM #i;s dk fujFkd 0;; gqvkA

सरकार के अनुदेश (मार्च 2000) के अनुसार वैसे सभी व्यक्तियों, जो शिक्षण कार्य हेतु निर्धारित योग्यता नहीं रखते थे तथा जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा शिक्षक के रूप में नियुक्त किए गए थे, को शिक्षक के रूप में पदस्थापना के पूर्व अंतर्सेवा प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए था।

जिला शिक्षा अधीक्षक, पटना के अभिलेखों (मार्च 2002) के नमूना जाँच से प्रकट हुआ कि 496 अप्रशिक्षित व्यक्तियों को शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया तथा अप्रील से जून 2000 के दौरान विभिन्न विद्यालयों में एक वर्ष के अंतर्सेवा प्रशिक्षण के लिए भेजे गये। इनमें से 456 शिक्षकों ने अंतर्सेवा प्रशिक्षण से वापस आकर शिक्षा अधीक्षक, पटना के पास विद्यालयों में पदस्थापना के लिए योगदान दिए (अप्रैल 2001) तथा 40 शिक्षक अंतर्सेवा प्रशिक्षण के दौरान ही नौकरी छोड़ दिये।

जिला शिक्षा अधीक्षक, पटना उन 456 शिक्षक को तत्परता से पदस्थापित नहीं किये। इन सभी शिक्षकों को बिना कारण के अगस्त 2001 तक पदस्थापना के लिए प्रतीक्षा करना पड़ी। इस पदस्थापना के प्रतीक्षा के अवधि के दौरान (अप्रैल से अगस्त 2001)

सभी शिक्षक बगैर कार्य के थे जिसके परिणामस्वरूप उनके वेतन एवं भत्ते के भुगतान पर 1.11 करोड़ रुपये का निरर्थक व्यय हुआ।

मामले सरकार को संदर्भित किए गए (जून 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

xg ¼vkj{kh½] xg ¼dkjk½] jkt Lo ,oa Hkkfe l/kkj
rFkk xkeh.k fodkl foHkkx

3-11 xcu ,oa gkfu

व्ययन एवं निकासी पदाधिकारियों, नियंत्री पदाधिकारियों तथा संबंधित कोषागार पदाधिकारियों के लगातार विफलता के परिणामस्वरूप नमूना जाँचित 4 सिविल विभागों के 4 कार्यालयों में 1.90 करोड़ रुपये का गबन हुआ। विवरण निम्नवत थे :

Øe l-	foHkkx	dk;kZy; tgk¡ xcu gqvk	o"k	xcu dh xbZ jkf'k ¼yk[k #i ;s e½	vfHk;fDr
1.	गृह (आरक्षी)	डी.आई.जी. (सी.आई.डी.)	अप्रील–मई 1996 तथा अक्टूबर 1996 से जनवरी 1997	43.27	बिहार आरक्षी नियमावली के नियम 972, 937, 963 तथा बिहार कोषागार संहिता के नियम 270, 305 A तथा 306 A के प्रावधानो का व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी तथा नियंत्री पदाधिकारी द्वारा लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने के बावजूद निकासी एवं वितरण के संदर्भ में अवहेलना किया गया। न तो कोई प्राथमिकी दर्ज की गई तथा न हीं विभागीय कार्रवाई शुरू किया गया।
2.	गृह (कारा)	अधीक्षक, उपकारा, बेनीपुर	अक्टूबर 1998 से मार्च 2000	19.33	राशि की निकासी एवं वितरण तथा लेखा के निरीक्षण के संदर्भ में अधीक्षक, कोषागार पदाधिकारी तथा नियंत्री पदाधिकारी द्वारा बिहार कोषागांर संहिता के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रियाओं का अनुपालन नहीं किया गया।
3.	राजस्व तथा भू–सुधार	अनुमंडल पदाधिकारी,, पुपरी, सीतामढ़ी	1998–2000	6.06	चौकीदारों का वेतन एवं संवितरण के संदर्भ में बिहार चौकीदार संहिता के नियम 107 के तहत दिए गए प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने तथा निस्तार पंजी पर जाली/गलत पावती दिए जाने के फलस्वरूप गबन हुआ। हालाँकि प्राथमिकी दर्ज किया गया (जुलाई 2002)। दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कोई विभागीय कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई।

Øe l-	foHkkx	dk;k&y; tgk xcu gvk	o"k	xcu dh xbZ jkf'k ¼yk[k #i;s e½	vfHk;fDr
4.	ग्रामीण विकास विभाग	प्रखंड विकास कार्यालय, कीरतपुर, दरभंगा	1997–99	10.84	इंदिरा आवास तथा बुनियादी सेवा योजनाओं के तहत मकान के निर्माण का कोई प्रमाण नहीं
			1997–2000	30.39	41 अपूर्ण योजनाओं पर व्यय के लिए मस्टर रॉल, अभिश्रव इत्यादि जैसे अभिलेखीय प्रमाण आदि उपलब्ध नहीं थे। मापी पुस्त में जाली प्रविष्टियों से इन्कार नहीं किया जा सकता।
			1997–2001	69.60	विभिन्न पदाधिकारियों (बीडीओ, राजस्व लिपिक, कनीय अभियंता, पंचायत सेवक, भीएलडब्ल्यू तथा नाजिर) को अग्रिम दिए गए राशि का दुर्विनियोजन
			1998–2001	10.26	रोकड़ पंजी तथा लेखे में लेनदेन की जाली प्रविष्टियों के माध्यम से गबन
	योग			**189.75**	

विषयवस्तु सरकार को संदर्भित किए गए (जून, अगस्त, सितम्बर 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

dY;k.k foHkkx

3-12 fcgkj e lQkbZdfe;ksa dh efDr rFkk iquokZl

एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना, सफाईकर्मियों की मुक्ति तथा पुनर्वास सफाईकर्मियों की मुक्ति तथा वैकल्पिक एवं प्रतिष्ठित व्यवसाय में उनको कार्यरत करवाने के उद्देश्य से वर्ष 1980–81 में शुरू की गई। भारत सरकार (जी.ओ.आई.) ने इन योजनाओं में सुधार लाते हुए (अप्रील 1996) तथा इन पर बल देते हुए (जनवरी 2000) योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। जी.ओ.आई. ने वर्ष 1993 में एक अधिनियम के द्वारा शारीरिक श्रम करने वाले सफाईकर्मियों के रोजगार तथा सूखे शौचालयों के निर्माण पर रोक लगाई। योजना के मुख्य अवयव निम्नवत थे :

- सफाईकर्मियों एवं उनके आश्रितों के पहचान हेतु कालावधि कार्यक्रम तथा सर्वेक्षण के द्वारा वैकल्पिक व्यवसाय के लिए उनकी रूचि ;
- सफाईकर्मियों एवं उनके आश्रितों को चुने गए व्यवसायों में प्रशिक्षण ;
- सफाईकर्मियों एवं उनके आश्रितों को अनुदान, अतिरिक्त ऋण राशि, बैंक ऋण इत्यादि मुहैय्या कराते हुए विभिन्न व्यवसायों एवं व्यापार एवं पेशा पुर्नवास;
- वर्त्तमान सूखे शौचालयों का पानी वाले शौचालयों में परिवर्त्तन।

सफाईकर्मियों के प्रशिक्षण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा पूर्ण वित्तीय सहायता दी गई जबकि सफाईकर्मियों के पुनर्वास की जिम्मेवारी भारत सरकार, राज्य सरकार/एस.सी.डी.सी. तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों पर थी। पुनर्वास पर औसत लागत 20,000 रुपये तक आँकी गई जिसमें 11,470 रुपये की निधि भारत सरकार द्वारा तथा शेष राज्य सरकार/एस.सी.डी.सी. द्वारा वहन किया जाना था। प्रशिक्षण तथा पुनर्वास हेतु उपलब्ध निधि तथा उनके विरूद्ध व्यय निम्नवत थे :

o"k	v0;f;r jkf'k	dUnz l jkT; ikIr fuf/k	jkT; ljdkj@ ,lhMhlh@ cd }kjk fn;k x;k vuqnku	dqy miyC/k fuf/k	foeDr fuf/k		;kx	v0;f;r 'k"k ¼ifr'kr dk"Bd e½
					fcgkj {k=	>kj[kM {k=		
¼yk[k #i;s e½								
1997-98	612.47	शून्य	शून्य	612.47	1.33	--	1.33	611.14 (99.8)
1998-99		464.23	शून्य	1075.37	15.68	1.88	17.56	1057.81 (98)
1999-2000		शून्य	शून्य	1057.81	63.22	18.02	81.24	976.57 (92)
2000-01		शून्य	शून्य	976.57	24.33	4.18	28.51	948.06 (97)
2001-02		शून्य	शून्य	948.06	28.39	(-) 1.58*	26.81	921.25 (97)

(* -झारखंड के जिलों द्वारा वापस की गई राशि**)**

विश्लेषण से निम्नवत प्रकट हुआ :

(क) एस.सी.डी.सी. के पास 10.77 करोड़ रुपये की उपलब्ध निधि में से जिला कार्यपालक पदाधिकारियों (डी.ई.ओ.) द्वारा सिर्फ 1.55 करोड़ रुपये (14 प्रतिशत) विमुक्त किया गया। जबकि एस.सी.डी.सी. द्वारा सारे प्राप्त पूर्ण राशि को व्यय के रूप में दर्शाया गया था।

(ख) एस.सी.डी.सी. द्वारा जी.ओ.आई. को न तो अनुपयोगित निधि को वापस किया न ही आगे के वर्षों में उपयोग हेतु शेष राशि ले जाने की अनुमति ही लिया।

(ग) लाभार्थियों को मिलनेवाला अतिरिक्त ऋण राशि भारत सरकार तथा राज्य सरकार के बीच 49 : 51 के अनुपात में दिया जाना था। भारत सरकार द्वारा मात्र 4.64 करोड़ रुपये विमुक्त किया गया, जबकि राज्य सरकार द्वारा कोई राशि विमुक्त नहीं की गई।

(घ) प्रत्येक माह के 10 तारीख तक व्यय की मासिक प्रगति प्रतिवेदन भारत सरकार को भेजा जाना था परन्तु इस तरह के कोई प्रतिवेदन नहीं भेजे गए।

(ङ) उपयोगिता प्रमाण पत्रों सहित लेखापरीक्षित लेखोंओं को एस.सी.डी.सी. द्वारा आगामी वर्ष के एक माह के अंतर्गत भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाना था। जबकि मई 2002 तक कोई लेखापरीक्षित लेखा या उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार को प्रस्तुत नहीं किया गया था।

नमूना जाँचित 10 जिलों[1] में उपलब्ध निधि तथा उनके विरूद्ध व्यय निम्नवत थे :

o"k	vkfn 'k"k	izkIr fuf/k	;kx	0;;	v0;f;r 'k"k ¼izfr'kr dk"Bd e½
	¼#i;s yk[k e½				
1997-98	23.34	0.83	24.17	10.41	13.76 (57)
1998-99	13.76	8.06	21.82	4.16	17.66 (80)
1999-2000	17.66	11.55	29.21	5.97	23.24 (80)
2000-01	23.24	22.18	45.42	17.84	27.58 (61)
2001-02	27.58	10.79	38.37	11.19	27.18 (71)
;kx		**53.41**		**49.57**	

(स्रोत : डी. ई.ओ. द्वारा दी गई सूचना)

संवीक्षा से प्रकट हुआ कि 57 से 80 प्रतिशत उपलब्ध निधि खर्च नहीं की गई। कटिहार तथा जहानाबाद जिलों में कोई राशि खर्च नहीं की गई।

सभी 10 जिलों के जिला कार्यपालक पदाधिकारियों के रोकड़ पंजी/खाता–बही में दर्शाए गए रोकड़ शेष पर विश्वास नहीं किया जा सका क्योंकि रोकड़ पंजियों के शेषों का मिलान बैंक के शेषों से नहीं किया गया था।

योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक चिह्नित सफाईकर्मियों तथा उनके आश्रितों को उनके अभिरूचियों, अधिमानों तथा सक्षमता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जाना था। यह पाया गया कि 462 (4508 में से) सफाईकर्मियों को वर्ष 1998–99 (332) तथा वर्ष 2000–01 (130) के दौरान प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव था। जबकि एससीडीसी द्वारा उनको कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया तथा प्रशिक्षण हेतु प्राप्त 44.66 लाख रुपये मई 2002 तक एस सी डी सी के पास अनुपयोगित थे।

सफाईकर्मियों के पुनर्वास का लक्ष्य तथा उनके विरूद्ध उपलब्धि निम्नवत थे :

o"k	iquokflr fd, tkus okyk lQkbZdehZ	okLro e iquokflr fd, x,	dehZ ¼izfr'kr dk"Bd e½
	¼lk[;k e½		
1997-98	4000	72	3928 (98)
1998-99	4000	129	3871 (97)
1999-2000	4000	38	3962 (99)
2000-01	4000	174	3826 (96)
2001-02	4000	165	3835 (96)
;kx		**578**	

योजना के क्रियान्वयन का प्रथम कदम सफाईकर्मियों का पहचान करना था। यह पाया गया कि वर्ष 1997–98 के दौरान 4508 सफाइकर्मियों की पहचान की गई। लक्ष्य से यह जाहिर था कि प्रत्येक वर्ष 4000 सफाईकर्मियों को पुनर्वासित किया जाना था। इससे इंगित होता है कि या तो सर्वेक्षण अविश्वसनीय था या लक्ष्य का निर्धारण अवास्तविक था। निदेशक, लेखा–सह–वित्तीय सलाहकार, एससीडीसी ने सूचित किया (मार्च 2002) कि सर्वेक्षण अभी भी जारी था।

---

[1] *भागलपुर, गया, जहानाबाद, कटिहार, मोतिहारी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नालंदा, नवादा तथा रोहतास*

(i) चूँकि वर्ष 1998–2002 के दौरान कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया, 16000 सफाईकर्मियों के पुनर्वासन का लक्ष्य वास्तविक तथा विश्वसनीय नहीं था। इसके अलावे, प्रत्येक वर्ष 4000 सफाईकर्मियों को पुनर्वासित करने के लक्ष्य निर्धारण का कोई विवेक नहीं था जबकि वर्ष 1997–98 के दौरान केवल 4508 सफाईकर्मियों की पहचान की गई।

(ii) अवास्तविक तथा अविश्वसनीय लक्ष्यों के विरूद्ध उपलब्धि में कमी 96 से 99 प्रतिशत थी। निदेशक (परियोजना), एस सी डी सी ने कमी के कारणों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति में विलम्ब तथा नगरपालिका निकायों द्वारा वांछित योग्यता प्रमाणपत्र का जारी नहीं किया जाना, बताया (मार्च 2002)। हालाँकि निदेशक द्वारा इन समस्याओं को दूर करने हेतु बैंक तथा नगरपालिका निकायों के समक्ष इस विषय को नहीं लाया गया।

(iii) प्रशिक्षित सफाईकर्मियों को प्रति सफाईकर्मी 20,000.00 रुपये (औसतन) की वित्तीय सहायता प्रदान कर पुनर्वासित किया जाना था। यह देखा गया कि बगैर किसी व्यापार में प्रशिक्षण किए हुए वर्ष 1997–2002 के दौरान कुल 578 सफाईकर्मियों को पुनर्वासित किया गया जबकि उनके पुनर्वासन पर 1.55 करोड़ रुपये खर्च किए गए। निदेशक (परियोजना) ने सूचित किया (मई 2002) कि उनके द्वारा चाहे गए व्यवसाय/व्यापार में उनको कोई प्रशिक्षण दिया जाना जरूरी नहीं था। उत्तर तर्कसंगत नहीं था चूँकि व्यापार/व्यवसाय में निपुणता में वृद्धि समुचित प्रशिक्षण पर निर्भर करता था।

नमूना जाँचित जिलों में उपलब्धि 2 से 13 प्रतिशत तक रही। जिला कार्यपालक पदाधिकारियों ने सूचित किया (मार्च 2002) कि बैंको के असहयोग के कारण लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जा सकी। जबकि बैंको के सक्षम अधिकारियों के समक्ष उनके द्वारा इस विषय को नहीं लाया गया।

योजना की सफलता सूखे शौचालय को नम शौचालय में पूर्ण परिवर्त्तन पर निर्भर करता था अन्यथा सफाई करने की प्रथा जारी रहेगी। वर्ष 1993 में एक अधिनियम, जिसके द्वारा सश्रम सफाईकर्मियों के रोजगार तथा सूखे शौचालयों के निर्माण तथा परिचालन पर रोक लगाया गया, के लागू होने के बावजूद, राज्य सरकार एस सी डी सी द्वारा सूखे शौचालयों के खोज तथा उनके नम शौचालयों में परिवर्तन करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। निदेशक (परियोजना) ने बताया (मार्च 2002) कि सूखे शौचालयों की संख्या ज्ञात करने के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया।

vuJo.k ,oa eY;kdu dk vHkko

योजना के क्रियान्वयन के अनुश्रवण के लिए उत्तरदायी अनुसूचित जाति विकास निगम, जो कि आयुक्त–सह–सचिव, कल्याण विभाग के पर्यवेक्षण के अंतर्गत था, योजना के क्रियान्वयन के अनुश्रवण में विफल रहे। अप्रील 2002 तक कोई राज्य स्तरीय अनुश्रवण तथा मूल्यांकन समिति का गठन नहीं किया गया, जबकि आवश्यक था। निदेशक (परियोजना) ने कहा (मार्च 2002) कि जिला स्तरीय अनुश्रवण तथा मूल्यांकन समिति का गठन किया गया, परन्तु राज्य में सश्रम सफाई करने तथा सूखे शौचालयों के निर्माण पर रोक हेतु अधिनियम 1993 के प्रावधानों का क्रियान्वयन नहीं किया गया। इस प्रकार, अनुश्रवण के अभाव के परिणामस्वरूप योजना का नगण्य प्रर्दशन हुआ।

इसके अतिरिक्त, बिहार सरकार के आयुक्त–सह–सचिव, कल्याण विभाग, पटना या अन्य दूसरे स्वतंत्र निकाय द्वारा योजना की प्रभावकारिता का मूल्यांकन नहीं किया गया।

मामले सरकार को संदर्भित किए गए (जून 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

v/;k; & IV

dk;l 0;;

[k.M&[k % dfMdk,

ykd LokLF; vfHk;=.k foHkkx

4-1 gLr uydiksa l yxs g,, ykg iFkDdj.k l;=ksa d fuek.k esa vfrfjDr ykxr

dk;likyd vfHk;rk] yk- Lok- vfHk- foHkkx] if.k;k u 72 yk[k #i;s d vfrfjDr ykxr ij uydiksa l yxs g,, 2898 ykg iFkDdj.k l;=ksa dk fuek.k fd;kA bld vykok] 1-70 djksM #i;s dh ykxr ij fufer 1277 ¼44 ifr'kr½ ykg iFkDdj.k l;= vfØ;k'khy FkA

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार ने वर्ष 1998–99 के दौरान पेय जल से अधिक लौह के पृथक्करण हेतु एक नयी योजना प्रारंभ किया। तद्नुसार कोसी अमृत पेय जल योजना के तहत 10830 रुपये प्रत्येक की दर से मुख्य अभियंता (ग्रामीण), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना द्वारा अनुमोदित 4.08 करोड़ रुपये के आँकलित लागत पर पूर्णियाँ एवं किशनगंज जिलों के 1862 (1146 + 716) गाँवों में वर्ष 1998–99 के दौरान 3764 लौह पृथक्करण संयंत्र सहित हस्त नलकूपों का निर्माण किया जाना था। सरकार ने मार्च 1999 तक कार्य की पूर्णता हेतु जुलाई 1998 में 4.08 करोड़ रुपये विमुक्त किये।

संवीक्षा से प्रकट हुआ कि कार्यपालक अभियंता, लो. स्वा. अभि. प्रमंडल, पूर्णियाँ ने जून 2002 तक 3.86 करोड़ रुपये की कुल लागत पर 2898 लौह पृथक्करण संयंत्रों का विभागीय निर्माण करवाया जिसपर प्रति संयंत्र औसत व्यय, 10830 रुपये के अनुमोदित व्यय के विरूद्ध 13320 रुपये था। कार्य पूर्णता की समय–सारणी में ढ़ील के कारण प्रति संयंत्र श्रम एवं सामग्री लागत में 2490 रुपये की वृद्धि दर से 72 लाख रुपये की वृद्धि हुयी जबकि 866 लक्षित लौह पृथक्करण संयंत्रों का निर्माण नहीं किया गया था। इसके अलावा, 2898 लौह पृथक्करण संयंत्रों में से 1277 अक्रियाशील हो गए थे तथा जून 2002 तक इन्हें क्रियाशील करने हेतु किसी भी तरह का कोई कदम नहीं उठाया गया जिसके परिणामस्वरूप उनके निर्माण पर 1.70 करोड़ रुपये का व्यय निरर्थक साबित हुआ।

इस प्रकार, पूर्णियाँ एवं किशनगंज जिलों में सभी ग्रामीणों को सुरक्षित पेय जल मुहैय्या कराने के निर्दिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुयी।

मामला सरकार को संदर्भित किया गया (जून 2002)। सरकार के आयुक्त–सह–सचिव, लो. स्वा. अभि. वि. ने अपने जवाब में बताया कि योजना नई थी तथा इसके क्रियान्वयन में जागरूकता लाने, प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे क्रियाकलाप शामिल थे जिससे क्रियान्वयन में विलंब हुआ। जवाब तर्कसंगत नहीं था क्योंकि कार्यक्रम की पूर्णता हेतु इन

क्रियाकलापों को लागत प्रभावी तरीके से नियोजित किया जाना चाहिए था तथा पूर्णियाँ एवं किशनगंज जिलों के लोगों को पेयजल आपूर्ति के निर्दिष्ट लाभ की प्रदत्तता सुनिश्चित की जानी थी।

iFk fuekZ.k foHkkx

4-2 dk;Z dk voekud dk;Zo;u dk dkj.k gkfu

rduhdh 0;ogk;Zrk lqfuf'pr fd, oxZ iFk dk;Z dk dk;Zo;u dk ifj.kkeLo:i dk;Z dk voekud dk;Zo;u rFkk {kfrxLr iFk dh ifjgk;Z ejEefr ij 48-35 yk[k #i;s dh vkdfyr ykxr dk vykok vkdfLed ejEefr dk;Z ij 6-30 yk[k #i;s dk 0;; gqvkA

मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकन संस्थान, पथ निर्माण विभाग द्वारा आरा–बक्सर पथ (36–74 कि.मी.) के जीर्णाद्धार के कार्य के लिए मार्च 1998 में 5.10 करोड़ रुपये का अनुमोदन तथा 5.66 करोड़ रुपये की तकनीकी स्वीकृति चार भागों में (मार्च 1998 से जनवरी 2000 के मध्य) प्रदान की गयी।

कार्य के प्रथम भाग के लिए कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण प्रमंडल, बक्सर ने जुलाई 1998 में निविदा आमंत्रित किया। निविदा समिति (नि. स.) ने 2.45 करोड़ रुपये के आकलित लागत सहित विभागीय सामग्रियों की 0.85 करोड़ रुपये की लागत से 17 प्रतिशत अधिक पर 3.72 करोड़ रुपये के दर को अनुमोदित (नवंबर 1998) किया। यह अनुचित था क्योंकि नि. स. आँकलित लागत से 5 प्रतिशत से अधिक की संविदा अनुमोदित नहीं कर सकती थी। मुख्य अभियंता (संचार), पथ निर्माण विभाग, दक्षिण बिहार स्कंध, पटना ने अक्टूबर 1999 तक (मार्च 2000 तक विस्तारित) कार्य समाप्ति हेतु 3.71 करोड़ रुपये के लिए कार्य को एक अभिकरण को सौंपा (नवंबर 1998)। संवेदक को मार्च 2000 तक 4.60 करोड़ रुपये के किए गए कार्य के विरूद्ध 4.54 करोड़ रुपये का भुगतान (जुलाई 2000 तक) किया गया।

जनवरी 2000 में किए गए एक संयुक्त निरीक्षण से पथ में 91 जगहों पर धँसाव, टूट व गड्ढे ज्ञात हुए। तदंतर, मुख्य अभियंता (संचार) द्वारा जुलाई 2001 में किए गए निरीक्षण ने प्रकट किया कि तकनीकी स्वीकृति के पूर्व मृदा–जाँच नहीं किए जाने के कारण पथ कार्य विफल हुए। पथ के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मति की आकलित लागत 48.35 लाख रुपये थी जबकि 6.30 लाख रुपये आकस्मिक मरम्मतियों पर खर्च (मार्च 2001) किए जा चुके थे।

इस प्रकार, तकनीकी व्यवहार्यता सुनिश्चित किए बिना पथ कार्यों के क्रियान्वयन से 4.54 करोड़ रुपये का अवमानक क्रियान्वयन हुआ, सरकार को 48.35 लाख रुपये के आँकलित लागत की हानि हुयी तथा 6.30 लाख रुपये के आकस्मिक मरम्मति कार्य किए गए।

मामला सरकार को संदर्भित किए गए (अगस्त 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

iFk fuekZ.k ¼jk"Vªh; mPp iFk½ foHkkx

4-3 dk;Z dk mPp nj ij vuf/kd`r :i ls inku fd;k tkuk

jk- m- i- 30 esa iFk dk;Z dk e/;[k vfHk;a=rk] jk- m- i- Ld/k] i- fu- fo- }kjk mPprj njksa ij inku fd, tkus ds QyLo:i 1-03 djksM #i;s dh vfrfjDr ykxr vkbZA

राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, पटना द्वारा रा. उ. पथ 30 (मोहनिया से बख्तियारपुर) के 101 से 116 कि.मी. के मजबूतीकरण हेतु स्थल परिवहन मंत्रालय (एम. ओ. आर. टी. एंड एच.) की स्वीकृति के आधार पर सितंबर 1999 में 3.61 करोड़ रुपये के कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ (पश्चिमी) प्रमंडल, पटना ने पथ पटल कार्य हेतु निविदाएँ आमंत्रित (नवंबर 1999) किया जिसमें मुख्य अभियंता द्वारा अनुमोदित 2.99 करोड़ रुपये का परिमाण विपत्र शामिल था। निविदा समिति की अनुशंसा के आधार पर मुख्य अभियंता, पथ रा. उ. प. स्कंध ने कार्य को सितंबर 2000 तक पूर्ण किए जाने हेतु निविदा राशि (विभाग द्वारा आपूरित 0.93 करोड़ रुपये के अलकतरे की लागत को छोड़कर) से 33 प्रतिशत अधिक पर न्यूनतम संवेदक को 2.74 करोड़ रुपये में कार्य सौंपा (मई 2000)। 3.67 करोड़ रुपये के संविदा लागत के विरूद्ध 3.68 करोड़ रुपये की लागत पर अप्रील 2001 में कार्य पूर्ण किया गया।

इसी प्रकार सितंबर 1999 में एम ओ आर टी एच द्वारा 1.54 करोड़ रुपये के लिए उसी उच्च पथ के 154 से 159 कि.मी. विस्तार में चौड़ीकरण तथा मजबूतीकरण का कार्य स्वीकृत किया गया था। दिसंबर 1999 में उसी कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य की निविदा निकाली गयी। निविदा समिति की अनुशंसा पर नवंबर 2001 तक कार्य की समाप्ति हेतु 1.50 करोड़ रुपये की निविदा लागत से 23 प्रतिशत अधिक 1.85 करोड़ रुपये पर न्यूनतम निविदादाता को कार्य आवंटित किया गया। अगस्त 2002 तक अभिकरण को 1.64 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था और कार्य को पूर्ण होना बाकी था।

एम ओ आर टी एच के निर्देशों के अनुसार आकलित/निविदा लागत से 5 प्रतिशत अधिक वाली निविदाओं को अस्वीकृत किया जाना था तथा पुनरीक्षित आकलन हेतु एम ओ आर टी एच से स्वीकृति प्राप्त की जानी थी। इस प्रकार रा. उ. प. 30 में दो विस्तारों में आकलित/निविदा लागत से 33 प्रतिशत तथा 23 प्रतिशत अधिक पर पथ कार्य प्रदान किया जाना अनधिकृत था जिसके परिणामस्वरूप 1.03 करोड़ रुपये (68 लाख रुपये + 35 लाख रुपये) की अतिरिक्त लागत हुई तथा राज्य पर अतिरिक्त परिणामी वित्तीय भार पड़ा।

मामला सरकार को संदर्भित किया गया (जून 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

t y l l k/ku foHkkx

4-4 i y d fuek.k ykxr e of) rFkk C;k t dh gkfu

e[; vfHk;rk] njHkxk }kjk iujhf{kr vkdyu dh e tjh rFkk 3-38 yk[k #i;s dk Hkxrku le; ij ugh fd, tkus ds ifj.kkeLo:i i y fuek.k e 32-17 yk[k #i;s d ykxr vfrjd d vykok jyo d ikl 21-85 yk[k #i;s vo:) jgs rFkk 35-39 yk[k #i;s dh C;k t dh gkfu gbZ

पश्चिमी कोसी नहर प्रमंडल, झंझारपुर ने मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा अनुमोदित झंझारपुर उप–नहर पर (महरेल तथा चंद्रेश्वर स्थान रेलवे स्टेशन : आर डी 63.10 तथा झंझारपुर मिथिलादीप रेलवे स्टेशनों : आर डी 99.756 के मध्य) क्रमशः 37.65 लाख रुपये तथा 22.27 लाख रुपये के दो रेलवे पुलों हेतु पूर्वोत्तर रेलवे, समस्तीपुर को दो आकलन प्रस्तुत (मार्च 1991) किया। झंझारपुर तथा मिथिलादीप रेलवे स्टेशनों के मध्य 22.27 लाख रुपये के पुल के आकलन को रेलवे ने 25.23 लाख रुपये के पुनरीक्षण का सुझाव (25 मार्च 1991) दिया। इसी दौरान, दोनों पुलों के 59.92 लाख रुपये के आकलित लागत के विरूद्ध पश्चिमी कोसी नहर प्रमंडल ने 59.50 लाख रुपये का भुगतान (26 मार्च 1991) कर दिया। हालाँकि, मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा झंझारपुर मिथिलादीप पुल के 25.23 लाख रुपये के पुनरीक्षित आकलन को 14 माह के विलंब के उपरांत जून 1992 में मंजूरी दी गयी।

चूँकि रेलवे को दोनों पुलों के लिए 62.88 लाख रुपये के पूर्ण आकलित लागत को भुगतान नहीं किया गया, उन्होंने 37.65 लाख रुपये की लागत पर मई 1995 में महरैल–चंद्रेश्वर स्थान के मध्य एक पुल को ही निर्मित किया। तदंतर, प्रमंडल के निवेदन पर रेलवे ने दूसरे पुल के लिए 25.23 लाख रुपये के पूर्व आकलित लागत के विरूद्ध 57.40 लाख रुपये का एक आकलन प्रस्तुत (फरवरी 2000) किया। मार्च 2000 में प्रमंडल ने दूसरे पुल के निर्माण हेतु रेलवे की माँग के अनुसार 35.55 लाख रुपये की शेष राशि का भुगतान किया।

इस प्रकार, पुनरीक्षित आँकलन की अस्वीकृति तथा समय पर 3.38 लाख रुपये का भुगतान नहीं किए जाने के कारण रेलवे के पास 9 सालों तक (अप्रील 1991 से मार्च 2000 तक) 21.85 लाख रुपये अवरूद्ध रहे तथा 12 प्रतिशत प्रति वर्ष के दर से 23.60 लाख रुपये के सूद की हानि के अलावा 32.17 लाख रुपये का लागत अतिरेक भी हुआ। यह भी पाया गया कि पुल का निर्माण जून 2002 तक पूरा नहीं हुआ था।

मामला सरकार को संदर्भित (जुलाई 2002) किया गया। सरकार के आयुक्त–सह–सचिव, जल संसाधन विभाग ने बताया (नवंबर 2002) कि नवंबर 1990 में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना पर प्रतिबंध लगाये जाने तथा निधियों के अभाव के कारण रेलवे को समय पर 3.38 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया गया था। उनका जवाब तर्कसंगत नहीं था क्योंकि नवंबर 1990 में तथाकथित प्रतिबंध लगाए जाने के बाद मार्च 1991 में रेलवे को 59.50 लाख रुपये भुगतान किए गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे ने तब से पुल निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

4-5 LFkyh; Ld/kksa d fuekZ.k ij fu"Qy 0;;

iLrkfor iDdk rVc/k dk;ksZ d cnyh LFkyh; Ld/kksa d fuekZ.k d ifj.kkeLo:i 3-72 djksM #i;s dk fu"Qy 0;; rFkk ck< fu;a=.k dk;ksZ ij 46-49 yk[k #i;s dk ifjgk;Z 0;; gqvkA

कस्बा, रूपनगर के समीप गंगा नदी द्वारा कटाव रोकने हेतु 70वें तकनीकी सलाहकार समिति ने नवंबर 1998 में पक्का तटबंध के निर्माण (अपप्रवाह में 250 मीटर लंबा तथा अनुप्रवाह में 150 मीटर लंबा) की अनुशंसा की थी। बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग ने हालाँकि 3.66 करोड़ रुपये की लागत पर 2 स्थलीय स्कंधों का निर्माण अनुमोदित (फरवरी 1999) किया। मई 1999 तक पूर्ण किए जाने हेतु 3.45 करोड़ रुपये की आँकलित लागत पर कार्य दो अभिकरणों को सौपा गया (फरवरी 1999)।

अभिलेखों की नमूना जाँच से प्रकट हुआ कि बाढ़ आगमन (अगस्त 1999) के दौरान 3.72 करोड़ रुपये की लागत पर स्थलीय स्कंधों का निर्माण कराया गया था। परिणामस्वरूप, नदी किनारों का कटाव नहीं रोका जा सकता था। अगस्त 1999 में भी अभियंता प्रमुख के आदेशों पर उसी अभिकरण द्वारा 46.49 लाख रुपये के बाढ़ नियंत्रण कार्य प्रारंभ किया गया था। इसके बावजूद तटबंध में वृहत् कटाव तथा दरार आए थे।

तदंतर 3.48 करोड़ रुपये की लागत पर पक्का तटबंध के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति (जनवरी 2000) प्रदान की गयी। आकस्मिकताओं, भू–अर्जन इत्यादि को शामिल करते हुए 3.40 करोड़ रुपये की लागत पर पक्के तटबंध का निर्माण कार्य पूरा किया गया।

इस प्रकार, पक्के तटबंध कार्यों के बदले स्थलीय स्कंधों के निर्माण के परिणामस्वरूप 3.72 करोड़ रुपये के निष्फल व्यय के साथ–साथ बाढ़ बचाव उपायों पर 46.49 लाख रुपये का परिहार्य व्यय हुआ।

मामला सरकार को संदर्भित किया गया (जुलाई 2002)। आयुक्त–सह–सचिव का जवाब (सितंबर 2002) कि दोनों स्कंधों का निर्माण 70वें तकनीकी सलाहकार समिति के अनुशंसा पर किया गया था, तथ्यगत सही नहीं था क्योंकि उक्त समिति ने सिर्फ तटबंध के निर्माण की ही अनुशंसा की थी (कार्य सूची सं. 70/118)।

4-6 iokg rk= vkj ejEerh dk;ksZ ij fu"Qy 0;;

djyyk ty /kkjk e mfpr fu;a=.k d fcuk f=;d iokg lajpuk] njHkxk d fuekZ.k rFkk ejEerh dk;Z fd, tkus d dkj.k 29-08 yk[k #i;s dk fu"Qy 0;; gqvkA

जल संसाधन विभाग ने पूर्णियाँ जिला में फरियानी नदी के 61.90 बिन्दु दुरी पर कुरसेला जलधारा में जल निस्सरण क्षमता को 500 क्यूसेक से 2000 क्यूसेक तक बढ़ाने का तथा 61.90 बिन्दु दुरी के पहले कुरसेला जलधारा और नहर की मरम्मती

करने का निर्णय लिया जिससे कि सिंचाई क्षमता 981 हेक्टेयर से बढ़ा कर 5854 हेक्टैयर की जा सके। तदनुसार, मई 1999 तक कार्य की पूर्णता 75.54 लाख रुपये की आँकलित लागत पर सरकार ने त्रियक प्रवाह संरचना के निर्माण का कार्य बिहार राज्य निर्माण निगम को सौंपा (फरवरी 1999)। मार्च 1999 से अप्रील 2000 के मध्य कार्य पूर्ण किये जाने हेतु 47.72 लाख रुपये की कुल लागत पर 61.90 बिन्दु दुरी के पहले जलधारा और नहर की मरम्मती का कार्य वर्ष 1998–2000 के दौरान 12 विभिन्न अभिकरणों को सौंपा गया।

मुख्य अभियंता ने निरीक्षण के दौरान पाया (सितंबर 1999) कि वर्ष 1999 के बाढ़ के दौरान तटबंधों की दरारों से अत्यधिक जल निष्कासन हुआ था (लगभग 10000 क्यूसेक जल) तथा इन दरारों को बंद नहीं किए जाने से त्रियक प्रवाह संरचना को खतरा था। परिणामतः मुख्य अभियंता द्वारा त्रियक प्रवाह संरचना का निर्माण तथा मरम्मती कार्य रोक दिया गया (दिसंबर 2000)। तब तक अधूरे कार्यों पर 29.08 लाख रुपये खर्च किए जा चुके थे (संरचना के निर्माण पर 1.18 लाख रुपये तथा मरम्मती कार्य पर 27.90 लाख रुपये)। जुलाई 2002 तक न तो संरचना का निर्माण कार्य आरंभ किया गया था और न ही तटबंधों के दरारों को पाटा ही गया था। त्रियक प्रवाह संरचना का निर्माण तथा मरम्मती कार्य प्रारंभ करने के पहले मुख्य अभियंता को तटबंधों के दरारों की पटाई सुनिश्चित कर लेनी चाहिए थी।

इस प्रकार, विभाग द्वारा बिना समुचित नियोजन के कुरसेला जलधारा का त्रियक प्रवाह संरचना का निर्माण तथा जल धारा और नहर के मरम्मती कार्यों को आरंभ किए जाने से 29.08 लाख रुपये का निष्फल व्यय हुआ। इसके अलावा, जलधारा की सिंचाई क्षमता में बढ़ोत्तरी का लक्ष्य भी नहीं प्राप्त किया जा सका।

मामला सरकार को संदर्भित किए गए (अगस्त 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

Hkou fuekZ.k ,oa vkokl rFkk iFk fuekZ.k foHkkx

4-7 xcu

वित्तीय लेन–देन एवं कोषागारों में भुगतान हेतु रोकड़ पंजी के संधारण से संबंधित बिहार कोषागार संहिता के नियम 86 तथा बिहार लोक कार्य लेखा संहिता के नियम 93 (1) तथा (3) के विहित प्रावधानों का दो कार्यपालक अभियंताओं द्वारा अनुपालन नहीं किए जाने के फलस्वरूप 20 लाख रुपये का गबन संभावित हुआ जैसा नीचे दिया गया है :

Øe l-	foHkkx	dk;kZy; tgk¡ xcu gqvk	o"kZ	xcfur jkf'k ¼yk[k #i;ksa esa½	vfHk;qä ;k¡
1.	भवन निर्माण एवं आवास	पाटलिपुत्र भवन निर्माण प्रमंडल, पटना तथा किराया एवं उपकर प्रमंडल, पटना	जुलाई 1999 से जनवरी 2001 के मध्य तथा सितंबर 1991 और अक्टूबर 1998 के मध्य	15.72	पटना सचिवालय कोषागार (सिंचाई भवन तथा निर्माण भवन) में भुगतान की रोकड़–पंजी में काल्पनिक प्रविष्टियों द्वारा राशि गबन की गयी।

Øe l-	foHkkx	dk;kZy ; tgk xcu gvk	o"k	xcfur jkf'k ¼yk[k #i ;s e½	vH;fä ;k
2.	पथ निर्माण विभाग	पथ निर्माण प्रमंडल, रामनगर, पश्चिमी चंपारण	जून 2000, दिसंबर 1999, अप्रील–मई 1999	4.28	वैयक्तिक दावों के भुगतानों में चेक की गड़बड़ी, मृत्यु–सह–सेवा निवृत्ति उपादान एवं वेतन भुगतान का जाली भुगतान तथा लेखा में दर्शाए गए रोकड़ का प्रमंडल में जाली स्थानांतरण ने गबन संभावित किया।
	;kx			20-00	

सरकार के सचिव, भवन निर्माण विभाग ने पूछे जाने पर (अगस्त 2002) बताया (अक्टूबर 2002) कि संबंधित प्रमंडलों के रोकड़पालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी थी तथा वे निलंबित किए जा चुके थे।

सरकार के सचिव, पथ निर्माण विभाग ने भी यह इंगित किए जाने पर (जुलाई 2002) बताया (जनवरी 2003) कि तत्कालीन रोकड़पाल के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी थी जो प्रथम द्रष्ट्या अपराधी था तथा अदालत में पुलिस चार्जशीट दायर की जा चुकी थी। वह भी निलंबित किया जा चुका था।

v/;k; & v

HkkMkj ,oa lkexh

[k.M & c % dfMdk

iFk fuekZ.k foHkkx

5-1 vydrjk dh deh

dk;kZikyd vfHk;ark] iFk fuekZ.k izeaMy] <kdk vydrjk dh deh@pkjh dk fy, mÙkjnkf;Ro fu/kkZj.k djus esa foQy jgk ftldk ifj.kkeLo:i 37-02 yk[k #i;s dh gkfu gqbZA

पथ निर्माण प्रमंडल, ढ़ाका, पूर्वी चंपारण के अभिलेखों की संवीक्षा से प्रकट हुआ (मई 2001) कि प्रमंडल के दो कनीय अभियंताओं ने वर्ष 1993–96 के दौरान अभियंता प्रमुख द्वारा निर्गत आपूर्ति आदेशों के विरूद्ध विभिन्न आपूर्तिकर्त्ताओं से 20.19 लाख रुपये की कीमत का 480.62 टन अलकतरा प्राप्त किया। कनीय अभियंताओं द्वारा प्राप्त अलकतरे अनुमंडलयी अभिलेखों में प्रविष्ट नहीं किए गए थे। मई 2002 तक 20.19 लाख रुपये के अलकतरे की चोरी एवं लेखाकरण नहीं किए जाने का उत्तरदायित्व निर्धारण नहीं किया गया था।

लेखापरीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि पथ निर्माण प्रमंडल, ढ़ाका के भंडार के भौतिक परीक्षण (मई 1996, सितंबर 1999 तथा जून 2000) में पाए गए 16.73 लाख रुपये मूलय के 371.136 टन अलकतरे (352.397 टन ठोस अलकतरा तथा 18.739 टन पैक अलकतरा) की कमी को उत्तरदायी कर्मियों से वसूली नहीं किया गया था।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण प्रमंडल, ढ़ाका ने अलकतरे की चोरी को वित्त विभाग तथा महालेखाकार को प्रतिवेदित नहीं किया, हालाँकि नियम के तहत अपेक्षित था। इसके अलावा दोषी कर्मियों के विरूद्ध 851.76 टन अलकतरे की वसूली हेतु विभागीय तथा कानूनी कार्रवाई आरंभ करने में उनकी विफलता के कारण 37.02 लाख रुपये की हानि हुयी।

मामला सरकार को संदर्भित किए गए (जून 2002) ; उनके उत्तर अप्राप्त थे (सितम्बर 2003)।

v/;k; & VI

LFkkuh; fudk;ksa ,oa vU; dks foÙkh; lgk;rk

[k.M&d % leh{kk

mPp f'k{kk foHkkx

6-1 iVuk fo'ofo|ky; dh dk;Zi.kkyh

e/[;kd"k.k

ifj.kkeksa ds i.dk'ku esa 92 ls 211 fnuksa rd dk foyEc Fkk ftlls fo|kFkhZ çHkkfor gq,A

½dfMdk 6-1-5-1½

o"k 1997&2000 ds nkjku f'k{kdksa dk vfu;fer :i ls 1-97 djksM #i;s ds vrfje jkgr dk Hkqxrku fd;k x;k FkkA

½dfMdk 6-1-7 ½i½½

vizSy 1997 ls Qjojh 2002 ds nkjku 'kf{kd ,oa f'k{kdsÙkj dfe;ksa dk 1-12 djksM #i;s ds oruu dk vf/kd Hkqxrku volfyr iMk jgkA

½dfMdk 6-1-7 ½ii½½

17 i;kZoj.kkyk iHkkjh] tks vfu;fer :i ls fu;ksDr fd, x, Fks rFkk lksus cuk jgs] dks 81-73 yk[k #i;s ds oruu dk vfu;fer Hkqxrku fd;k x;kA f'k{kdsÙkj dfe;ksa dk 14-58 yk[k #i;s ds ckuu dk vfu;fer Hkqxrku fd;k x;k FkkA

½dfMdk 6-1-7 ½iii½ ,oa ½iv½½

okfNr mís';ksa dks çkIr ugha fd, tkus ds dkj.k fo- v- vk- ¼;w-th-lh-½ ds buf¶ycuV ¼vkbZ ,u ,Q ,y vkbZ ch ,u bZ Vh½ dk;Øe ds rgr 47-16 yk[k #i;s dk 0;; fu"Qy jgkA

½dfMdk 6-1-8½

fo- v- vk- ls ikIr 1-35 djksM #i;s dk fodkl vuqnku vuqi;ksfxr iMk jgkA

½dfMdk 6-1-9½

6-1-1 çLrkouk

1917 में स्थापित पटना विश्वविद्यालय वर्तमान में पटना विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 द्वारा संचालित है। इसके पास 11 अंगीभूत महाविद्यालय, 28 स्नातकोत्तर विभाग, 4 संस्थान तथा एक अभियंत्रण महाविद्यालय है। विश्वविद्यालय के पास चार संबद्ध इकाईयाँ है यथा पुस्तकालय, औषधालय, प्रेस तथा अतिथिशाला। विश्वविद्यालय का

मुख्य उद्देश्य साहित्य, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य तथा अभियंत्रण संभागों को निर्देश जारी करना है।

6-1-2 lkxBfud <kpk

बिहार के राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। कुलपति विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी तथा शैक्षिक पदाधिकारी होते हैं और ये तीन वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किए जाते है। वे कुलपति तथा निबंधक द्वारा शासकीय मामलों तथा वित्त सलाहकार एवं वित्त पदाधिकारी द्वारा वित्तीय मामलों में सहायतित होते हैं।

6-1-3 foLrkj

वर्ष 1997–2002 की अवधि के लिए पटना विश्वविद्यालय के कार्यकलाप की समीक्षा फरवरी 2002 से जुलाई 2002 के मध्य की गई। नियंत्रक महालेखापरीक्षक (क.रा.नि.) अधिनियम, 1971 के अनुभाग 14 के तहत् विश्वविद्यालय के मुख्य लेखे के साथ–साथ छः महाविद्यालयों, 15 स्नातकोत्तर विभाग, केन्द्रीय पुस्तकालय, औषधालय, प्रेस, दूर–शिक्षा निदेशालय, वयस्क एवं निरंतर शिक्षा, जनसंख्या शोध केन्द्र, शैक्षिक कर्मी महाविद्यालय, मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान आदि के लेखे भी नमूना–जाँच किए गए। अनुवर्त्ती कंडिकाओं में फलाफल वर्णित हैं।

6-1-4 ctVh; ifØ;k ,oa y[kk fu;a=.k

विश्वविद्यालय राज्य सरकार के मुख्यतः सहायता–अनुदानों से वित्त पोषित की जाती रही है। इसके अलावा शोध एवं विकास के उद्देश्यों हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि.अ.आ.) केन्द्रीय सरकार एवं अन्य केन्द्रीय संस्थाओं से भी निधियाँ प्राप्त की जाती थी। 31 मार्च 2002 को समाप्त विश्वविालय के 5 वर्षों की प्राप्तियों तथा व्यय के ब्यौरे निम्नवत् थे :

çkfIr;k¡ ¼yk[k #i;s esa½						0;; ¼yk[k #i;s esa½		
o"kZ	jkT; ljdkj	fo-v-vk- ,oa vU;	viu lkr	vU; lkr	dqy	lkxB&fud@jkt Lo	iathxr ,oa vU;	dqy 0;;
1997-98	2047.46	226.78	296.99	235.79	2807.02	2486.80	114.07	2600.87
1998-99	1940.27	26.38	286.72	94.65	2348.02	2625.00	118.56	2743.56
1999-2000	3835.11	247.14	506.81	183.27	4772.33	4282.26	182.87	4465.13
2000-2001	2541.77	129.83	471.29	101.24	3244.13	3201.56	113.78	3315.34
2001-2002	2786.22	107.76	964.87	264.33	4123.18	4084.90	124.87	4209.77
;kx	**13150.83**	**737.89**	**2526.68**	**879.28**	**17294.68**	**16680.52**	**654.15**	**17334.67**

y[kk vfHky[k v/kjs Fk rFkk vkdMks dh lR;rk tkph ugh tk ldh Fkh

विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक लेखे में आरंभ शेष तथा अंतःशेष का उल्लेख नहीं किया गया था। यह पाया गया कि अधूरे रोकड़ पंजी एवं अन्य सहायक अभिलेखों के कारण लेखापरीक्षा के लिए संभव नहीं रह गया था कि वह बजट एवं प्राप्ति तथा भुगतान लेखों के आँकड़ों की सत्यता जाँच सके।

वर्ष 2001–02 के दौरान राजस्व के अपने संसाधनों में बढ़ोतरी कटौती किए गए सफल वेतन के 2.70 करोड़ की प्राप्ति की प्रति दर्जता तथा महाविद्यालयों/संस्थानों तथा परीक्षा अनुभाग से 1.44 करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की उगाही के कारण था। वर्ष 2000–01 के दौरान सरकार से कम अनुदान की प्राप्ति के कारण व्यय में कमी आई जिससे पूरे वेतन आदि का भुगतान नहीं हो सका।

इसके अलावा वार्षिक लेखे में 40.49 लाख रुपये की प्राप्तियाँ कम दर्शायी गयी जो निम्नवत् है :

Øe l-	fooj.k	1998&99	1999&2000	2000&01
		¼yk[k #i;s e½		
क	सहायक रोकड़ पंजी के अनुसार प्राप्त अनुदान	37.27	273.23	133.34
ख	वार्षिक लेखे में दर्शाए गए अनुदान	26.38	247.14	129.83
ग	वार्षिक लेखे में दर्शाए गई कमी	10.89	26.09	3.51

6-1-5 ijh{kk

6-1-5-1 ijh{kkQyksa dk izdk'ku esa vR;f/kd foyac

ijh{kkQyksa dk izdk'ku esa 92 ls 211 fnuksa dk foyac

पटना विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 के अनुसार परीक्षाफलों का प्रकाशन परीक्षा समाप्ति के साठ दिनों के अवधि के अंदर किया जाना चाहिए जिसे लिखित रूप से कारण दर्ज करते हुए अगले साठ दिनों तक बढ़ाया जा सकता था। यह पाया गया कि लगभग सभी मामलों में परीक्षा–परिणामों के प्रकाशन में विहित समय–सीमा का अनुपालन नहीं किया गया था। 60 दिनों के विहित समय–सीमा से परे परीक्षा–परिणामों के प्रकाशन में 92 दिनों से 211 दिनों का विलंब था जो निम्नवत् है :

Øe l-	ijh{kk dk fooj.k	ijh{kk dh vfre frfFk	ijh{kkQy dk çdk'ku dh frfFk	ijh{kk dh vfre frfFk ds ckn ds fnuksa dh l[;k	60 fnuksa ls ij foyac
1	बी. ए. भाग–I, 1997	11.4.1997	11.9.1997	152	92
2	बी. ए., बी.एस.सी., बी.कॉम भाग–I, 1998	23.6.1998	31.12.1998	190	130
3	बी. एस. सी. भाग–II, 1997	10.5.1997	20.10.1997	162	102
4	बी. ए. भाग–II, 1998	20.5.1998	13.11.1998	176	116
5	बी. एस. सी. भाग–II, 1998	20.5.1998	2.11.1998	165	105
6	बी. कॉम भाग–II, 1998	20.5.1998	6.11.1998	169	109
7	बी. ए. भाग–I, 2000	22.6.2000	21.3.2001	271	211
8	बी. एस. सी. भाग–II, 2000	22.6.2000	5.3.2001	255	195
9	बी. कॉम भाग–II, 2000	22.6.2000	28.2.2001	250	190
10	बी. ए. भाग–II, 2001	21.8.2001	28.2.2002	190	130

परीक्षाफल के प्रकाशन में विलंब ने विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित किया। इसके अलावा स्नात्तकोत्तर कोर्स 1998–2000 का सत्र 21.3.2001 से 20.4.2001 के दौरान कोर्स के एक वर्ष के उपरांत आरंभ हुआ।

6-1-5-2 'kf{kd le; rkfydk dk vuqikyu ugh

'kf{kd l= dk vuqikyu ugh fd;k x;k

जैसा नीचे विवरणित है, परीक्षा नियंत्रक ने वर्ष 1997–2002 के दौरान शैक्षिक समय तालिका का अनुपालन नहीं किया था :

Øe l-	ijh{kk dk uke	'kf{kd le; rkfydk dk vuqlkj		okLrfod	
		ijh{kk dk vkjaHk dh frfFk	ijh{kkQy dk izdk'ku dh frfFk		
1	स्नातक भाग–I, 1998	द्वितीय सप्ताह, मई 1998	जुलाई 1998	26.5.98	31.12.98
2	स्नातक भाग–II, 1998	तृतीय सप्ताह, अप्रील 1998	जून 1998	21.4.98	नवम्बर 1998
